RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 294 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )


धरमजयगढ़, गुरुवार 1 सितंबर 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुरूप सुकमा जिला में छिंदगढ़ ... पेज -3 पर

भूल से मुक्ति दिलाता है ऋषि पंचमी व्रत- अरविन्द तिवारी.. पेज -8 पर







श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

शारदीय नवरात्र 2022 ( 26 सितंबर से 05 अक्टूटर 2022 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



601/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द सावा शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, शिवम मोबाईल बस स्टैण्ड, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपुंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### मुख्यमंत्री प्रदेशवासियों को नुआखाई पर्व की दी बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों और विशेष रूप से उत्कल समाज के लोगों को नुआखाई पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि ऋषि पंचमी को नुआखाई त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार नई फसल के आगमन, धरती एवं भगवान के वंदन और किसान भाईयों के बंधुत्व और एकत्व का प्रतीक है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को गांव की समृद्धि, खुशहाली और सामाजिक संबंधों को प्रगाढ़ करने वाले इस त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

### बुजुर्ग महिला की जघन्य हत्या का पर्दाफाश

48 घंटे के भीतर ही दोनों हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में

**महासमुंद/बसना** । महासमुंद जिले के बसना में बुजुर्ग महिला की हत्या की वारदात की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है और वारदात के 24 घंटे में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 29 अगस्त को फरियादी खीरबाई निवासी खेमडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि खेमडा रोड किनारे गोदाम किनारे इसका झोपड़ीनुमा हॉटल है। जहां पर विशाखा पति बेड़ा भोई उम्र 77 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी बसना रात्रि में सोती थी। दिन में घूम घूमकर भीख मांगती थी। 28 अगस्त को रात्रि करीब 9 बजे खीरबाई के घर से हॉटल में सोने गई थी। सुबह करीब 7 बजे देखे तो हॉटल के अंदर पाटा के ऊपर मृत हालत में पड़ी थी। किसी अज्ञात आरोपी ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी।

# कापू मार्ग के सांगूल नाला में बने डायवर्सन पुलिया बह जाने से बढ़ी लोगों की परेशानी

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

*धरमजयगढ से कापू सड़क चौड़ीकरण का कार्य सालों से जारी है। एडीबी कंपनी द्वारा करोड़ों रूपये की लागत से सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है जिसमें देखा यह जा रहा है की धरमजयगढ़ से कापू तक सड़क में छोटे बड़े पुल-पुलिया अस्त ब्यस्त हो गए हैं।*



**ठेकेदार की मनमानी**





जिस पर ग्रामीणों का सीधा आरोप हैं कि इसमें जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही है जो समझ से परे है। लिहाजा खामियाजा मार्ग से आवाजही करने वालों को भुगतना पड़ रहा है। बता दे धरमजयगढ़ से कापू सड़क चौड़ीकरण का कार्य रायगढ़ के किसी ठेकेदार को दिया गया है। ठेकेदार की लापरवाही से बन्धनपुर के पास सांगूल नाला में सड़क चौड़ीकरण के दौरान पुरानी पुलिया को तोड़कर वैकल्पिक व्यवस्था के मद्देनजर किनारे से सीमेंट पोल का पुलिया बनाया गया था। जो बारिश में ढह गया है, वैकल्पिक पुलिस को ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण किया गया था। घटिया निर्माण होने के कारण हल्की सी बारिश में ही पुलिया बह गया जिसके कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। कह सकते हैं गांव से शहर का नाता टूट गया है लोग मजबूरन रास्ता बदल कर जाने को मजबूर है तो वही कुछ लोग जान जोखिम में डालकर नाला पार कर आने जाने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ से कापू 32 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य लोगों की सुविधा के लिए शासन द्वारा कराया जा रहा है लेकिन मौजूदा समय में हालात कुछ और ही नजर आ रहा है कहा जा सकता है सड़क चौड़ीकरण लोगों के लिए अब आफत बन गया है। सांगूल नाला में डायवर्सन पुल के बह जाने से स्वास्थ्य सुविधा से लेकर तमाम परेशानियों से लोग जूझ रहे हैं और इधर संबंधित विभाग मुंह बाएं बैठे हैं।

### गुणवत्ता विहीन निर्माण से ग्रामीण परेशान

धरमजयगढ़ से कापू तक लगभग 32 किलोमीटर सड़क निर्माण का ठेका विभाग द्वारा रायगढ़ के एक ठेकेदार को दिया गया है। ठेकेदार की उची पहुंच के चलते सड़क निर्माण में खुलकर मनमानी किया जा रहा है। ठेकदार द्वारा बिना अनुमति के वन विभाग के पुलिया तोड़ देना, बिना मुआवाजा दिये गरीब आदिवासी किसानों के खेत पर जबरन निर्माण करवा देना ठेकेदार की दादागिरी साबित करता है। वहीं ठेकेदार द्वारा पुलिया निर्माण करने के लिए तोड़े गये पुलिस के बगल से जो वैकल्पिक व्यवस्था किया गया है वह पुरी तरह गुणवत्ता विहीन होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था सड़क हल्की बारिश में ही बह जाना अपने आप में कई सवाल खड़ा हो रहे हैं लेकिन स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को ये सब नहीं दिखाई देता है कि घटिया निर्माण से ग्रामीणों कितना परेशानी हो रहा है।

# मेडरमार में चल रहे अवैध शराब भट्ठी पर कब होगी कार्यवाही ?

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने जिले में चल रहे अवैध कारोबारियों पर रोक लगाने का सख्त निर्देश अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को दिया है। जिसके बाद से जिले में अवैध कारोबार में कुछ हद तक रोक लगा है। अवैध कारोबारियों पर पुलिस की कार्यवाही से अवैध कार्य करने वालों का कमर टूटने लगे हैं।

**अवैध शराब का गढ़ मेडरमार**

लेकिन एक बात समझ से परे हैं कि मेडरमार कॉलोनी में चल रहे अवैध कच्ची शराब पर कार्यवाही कब होगी। मेडरमार कालोनी में खुलेआम अवैध शराब का कारोबार लंबे समय से चला आ रहा है। ऐसा लगता है आबकारी विभाग और अवैध शराब बिक्रेता के साथ मधुर संबंध होने के कारण इनके ऊपर कार्यवाही नहीं करते हैं। मेडरमार में चल रहे अवैध कच्ची शराब की बिक्री की शिकायत कई बार ग्रामीणों ने की है लेकिन ग्रामीणों की शिकायत को अधिकारी-कर्मचारी कचरे के ढेर में रखकर अवैध शराब बेचने वालों का साथ दे रहे हैं। समाचार के माध्यम से स्थानीय प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि मेडरमार में चल रहे अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाये। अगर मेडरमार कॉलोनी में चल रहे अवैध कच्ची शराब की बिक्री पर रोक नहीं लगाते हैं तो आने वाले दिनों में मेडरमारवासियों द्वारा स्थानीय प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

# गणेश चतुर्थी - घर-घर विराजे विघ्नहर्ता

दो साल बाद झांकियों का निर्माण हो रहा, श्रद्धालु उत्साहित

रायपुर । प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादो शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर राजधानी सहित सम्पूर्ण प्रदेश में गणेश चतुर्थी तिथि पर गणेश उत्सव धूमधाम से मनाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बन रहा है।





दो साल बाद कोरोना के बाद बड़ी मूर्तियों की स्थापना के साथ ही शहर के चौक-चौराहों में आकर्षक सज्जा से युक्त देवताओं में प्रथम पूजनीय श्री गणेश जी की पूजा विधि-विधान से की जा रही है। शहर में आकर्षक झांकियों का निर्माण गणेश पंडालों में किया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर आज शहर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का नजारा अपने-अपने क्षेत्र में उत्साह के साथ माना एवं अन्य क्षेत्रों से बैंड बाजा, डीजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ सड़कों पर दिखाई दिया। कोरोना काल के बाद मनाए जा रहे गणेश उत्सव में मूर्तियों की ऊंचाई में किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं होने से मूर्तिकार भी छोटे से लेकर बड़ी मूर्तियों तक चेहरे में मुस्कान लिए बिक्री करते पाए गए। शहर में छोटी मूर्तियां 200 रूपए से लेकर बड़ी मूर्तियां एक लाख रूपए तक स्थापित करने की जानकारी बिक्री के दौरान मूर्तिकारों ने दी। विभिन्न आकर्षक सज्जा से युक्त भगवान श्री गणेश की स्थापना को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह एवं जोश दिखाई दिया।

**राजनीति...**

### झारखंड के विधायकों की आवभगत पर राजनीति

# रमन ने कहा-छत्तीसगढ़ अय्याशी का अड्डा नहीं, भूपेश बोले- खरीद-फरोख्त पर चुप क्यों थे

**रायपुर।** झारखंड के विधायकों को रायपुर के मेफेयर रिसॉर्ट में ठहराकर आवभगत से छत्तीसगढ़ की सियासत गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सियासी हमला बोला। उन्होंने अपने ट्विटर एकाउंट पर लिखा- भूपेश जी कान खोलकर सुन लीजिए! छत्तीसगढ़ अय्याशी का अड्डा नहीं है, जो छत्तीसगढ़ियों के पैसे से झारखंड के विधायकों को दारू-मुर्गा खिला रहे हैं। असम, हरियाणा के बाद अब झारखंड के विधायकों का डेरा...। इन



अनैतिक कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ महतारी आपको कभी माफ नहीं करेगी। हिमाचल रवाना होने से पहले सीएम भूपेश बघेल ने भी पलटवार किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर एयरपोर्ट पर कहा कि डॉ. रमन सिंह को यह देखना चाहिए कि कर्नाटक के विधायक, महाराष्ट्र के विधायक, राजस्थान के विधायक, मध्य प्रदेश के विधायक, दूसरी पार्टी के विधायक जब उठा उठाकर ले गए तब उनकी बोलती बंद क्यों थी? वो चुप क्यों थे? भाजपा के लोग संविधान का माखौल उड़ा रहे हैं। विपक्षी सरकारों को तोड़ रहे हैं। उस समय बोलना था कि यह यूपीए गठबंधन के लोग हैं। अब डॉ. रमन को तकलीफ क्यों हो रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा हार्स ट्रेडिंग कर रही है। उसकी वजह से झारखंड के विधायकों को छत्तीसगढ़ लाया गया है।

### विधायकों को खुला छोड़ते तो खरीद-फरोख्त करते

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि डॉ. रमन सिंह को अब तकलीफ क्यों हो रही है। अगर विधायकों को खुला छोड़ देते तो वो वहां खरीद फरोख्त करते। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों में जब खरीद फरोख्त हो रही थी, तब डॉ. रमन सिंह चुप क्यों थे? जिस प्रकार से महाराष्ट्र में बात चल रही है पचास खोखा। झारखंड में बात चल रही है बीस-बीस खोखा...। पहले रमन सिंह इसका जवाब दें। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा हार्स ट्रेडिंग कर रही है। उसकी वजह से झारखंड के विधायकों को छत्तीसगढ़ लाया गया है। केंद्र की सरकार विपक्ष को दबाने और कुचलने में लगी है।

मुख्यमंत्री ने गणेश चतुर्थी के अवसर मुख्यमंत्री निवास में विराजे भगवान

# पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणेश चतुर्थी के अवसर मुख्यमंत्री निवास में विराजे भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# जानता हूं तुम मूलाधार के स्वामी हो लेकिन मैं तुम्हें स्मृतियों के अनाहत में पाता हूं

वे रूप में स्थायीत्व हैं। स्थापित की स्थिरता। पृथ्वी तत्व का प्रतीक। पौराणिक कथाओं की अनगिनत श्रृंखला उनके स्वरूपों को उनके जीवन के समानांतर रचती चलती है। नामों की असंख्य पुकार भी तो वही है। प्रार्थना के आर्त भाव से उपजी अभिव्यक्तियां। कहीं विघ्नों को हरने की उपस्थिति है तो कहीं शुभ और मंगल को अच्छादित कर देने वाली शक्ति। वे वेदव्यास के लेखक/लिपिक और गणों के ईश श्री गणेश हैं/ गज मुख वाले गजानन हैं/ वरदमूर्ति और मंगलमूर्ति हैं/ विनायक के अष्टरूपों में विराजित हैं। ऊर्जावान योगी और नर्तक भी तो हैं। रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ और मंगल के देवता।

सभी दिशाओं के स्वामी और प्रथम पूज्य के रूप में गणेश जितने ऐतिहासिक हैं उतने ही पौराणिक भी हैं। पुरातत्व की विरासत में उनकी उपस्थिति देश के संग्रहालयों में शोभा बढ़ाती रही है। धातुओं और मिट्टी में आकार लिए उनकी देह की गौरवशाली प्रतिमाएं मिथकों और इतिहास के बीच कौतुहूल रचती यात्रा ही तो है। विनायक हर जगह हैं क्योंकि वे प्रथम में समाहित हैं तो अनंत का विसर्जन भी हैं। उनके आयाम बहुआयामी हैं। हर दिक्-दिशाओं में विराजित देव।

स्वामी। वे राष्ट्र की पौराणिक यात्रा की धुरी हैं तो इतिहास से वर्तमान में चली आ रही ऐसी स्मृति रेखा हैं जो काल के प्रवाह में आजतलक फीकी नहीं पड़ी। मंद नहीं पड़ी अपितु जितनी ज्यादा अनवरत् हुई उतनी ज्यादा सुर्ख और गहरी होती चली गई है- सच कहूं तो श्री गणेश मेरे मानस पटल पर रची वही स्मृति रेखा है जो समय के साथ जितनी दूर चली जाती है उतनी ही आत्मा में गहरी खिंचती चली जाती है।

दरअसल, श्री गणेश अपने सामाजिक/ सांस्कृतिक/पौराणिक और अध्यात्मिक स्वरूपों के इतर मेरे लिए स्मृतियों के देवता रहे हैं। वे मेरे लिए अतीत की स्मृतियों का ऐसा रोचक/ आश्चर्य और उल्लास व उमंग से भरा गलियारा है जहां से लौटना मुझे सदा समृद्ध की आंतरिक संपदा से सम्पन्न करता रहा है।

लंबोदर- तुम्हें देखते ही मेरे भीतर गली-मोहल्ले का बचपन साकार हो उठता है। तुम्हें स्थापित करने की योजनाएं किसी महत्वपूर्ण चर्चा की तरह मुस्काने लगती है। मूर्ति के तरह-तरह के आकार सामने आते हैं। 11 से 21 रुपये तक की चंदे की रसीदें और 51 रुपये मिलने की खुशी मुस्कुाने लगती है। छोटे से पंडाल में कसी




*मनुष्य देह में स्थित सात चक्रों में गणेश मूलाधार च के स्वामी हैं, किंतु मैं उन्हें अपने अनाहत चक्र में पाता हूं। हृदय संसार में। जहां अतीत प्रवाहित होता है। मेरे लिए गणेशोत्सव यानी छोटे से पंडाल में कसी जा रही जूट की रस्सी और बांस की सुगंध का भीतर तैरना। 11 दिन के प्रसाद का मेनू कार्ड-खीरे-केले का महकना। खोपरे और शक्क र के बुरादे की सुगंध। कस्बे के बाजारों की मूर्ति के पीछे घूमते थकते पैर..! धड़कता हुआ इंदौर, झांकियों में गूंजता उल्लास, मुंबई की सैंकड़ों गलियों में उमड़ाता जनसैलाब, लोकल ट्रेन में गूंजते जयकारे, लालबाग के राजा की भव्यता, लोअर परेल में कहीं गुम हो जाना है..!*

जा रही जूट की रस्सी और बांस की सुगंध अंदर तैरने लगती है। 11 दिन के प्रसाद का मेनू कार्ड आंखों के सामने तैरने लगता है।

खीरे-केले महकने लगते हैं/ खोपरे और शक्कर के बुरादे की सुगंध तैरने लगती है /कस्बे के बाजारों की मूर्ति के पीछे घूमते थकते पैर याद आने लगते हैं- तरह-तरह के चक्र, साज-सज्जा की चीजें, झालरें, चमचमाती लाइट की लड़ियां, देर रात का जगना, भोली-मासूम कल्पनाओं में खो जाना और फिर कस्बे की तमाम झांकियों/ गणपति पंडालों में देर रात भटकते हुए घर लौट आना यह सबकुछ मेरे भीतर आकार लेने लगता है- तुम्हारी आंखों में झांकते ही स्मृतियों की असंख्य बेल देखते ही हरी-भरी होने लगती है-

गणपति का होना मेरे लिए यही सबकुछ तो होना रहा है-

हे विनायक..

योग की अवधारणा में निहित मनुष्य देह में स्थित सात चक्रों में भगवान गणेश मूलाधार चक्र के स्वामी हैं, किंतु मैं तुम्हें अपने अनाहत चक्र में पाता हूं! हृदय संसार में। जहां मेरा अतीत प्रवाहित होता है।-

मेरे लिए गणेशोत्सव यानी धड़कता हुआ इंदौर, झांकियों में गूंजता उल्लास, मुंबई की सैंकड़ों गलियों में उमड़ाता जनसैलाब, लोकल ट्रेन में गूंजते जयकारे, लालबाग के राजा की भव्यता, लोअर परेल में कहीं गुम हो जाना है। औरंगाबाद के अद्भुत और अद्वितीय परंपरा संसार में भटकने लगना है, लेजिम की थाप और लता-उषा के मराठी संगीत से सराबोर हो उठना है- तुम्हें पता है वरमूर्ति, तुम्हारा होना मेरे भीतर उमंग से नहाना/ प्रेम व स्नेह के गूंजते उल्लास में खो जाना है जिसका कहीं किसी शब्द संसार में वर्णन नहीं है- गणेश तुम मेरे भीतर चमकता हुआ स्मृति पुंज हो। सुदूर कोनों से उठती पुकार जो हममें एकता स्थापित करती है।

हे गणेश..!

दिल की इन गलियों में देखो ना आज मेरी भी पीढ़ियां शामिल हो रही हैं. मैं तुम्हारा स्थायीत्व नहीं विसर्जन स्वीकार करुंगा।

नवीन सिंह पटेल

## संपादकीय

# जब सच बने शिकार

खींचतान इतनी ज्यादा है कि संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैशले अपनी शिनजियांग रिपोर्ट कब जारी करेंगी, इस बारे में अब तक सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैं। बैशले के चार साल का कार्यकाल खत्म होने में एक हफ्ते से भी कम समय बचा है।

सच कैसे बड़ी ताकतों की लड़ाई की भेंट चढ़ जाता है, इसकी एक ताजा मिसाल संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार आयोग की संभावित शिनजियांग रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट का पश्चिमी देशों और चीन दोनों को बेसब्री इंतजार है। लेकिन इसको लेकर खींचतान इतनी ज्यादा है कि संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैशले इसे कब जारी करेंगी, इस बारे में अब तक सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैं। बैशले के चार साल का कार्यकाल खत्म होने में एक हफ्ते से भी कम समय बचा है। खुद उनका कहना है कि अभी भी यह साफ नहीं हो पाया है कि रिपोर्ट कब प्रकाशित होगी। अमेरिका और कई दूसरे पश्चिमी देशों के जनप्रतिनिधियों ने शिनजियांग में उइगुर समुदाय के लोगों के प्रति चीन के बर्ताव को नरसंहार बताया है। चीन इस आरोप को नकारता आया है। मिशेल बैशले ने जब शिनजियांग की यात्रा की, उसके बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने जो कहा, उससे चीन के दावे की पुष्टि माना गया था। तब पश्चिम का दबाव उन पर बढ़ गया। नतीजा यह है कि उनकी रिपोर्ट को लेकर अनिश्चय बना हुआ है। पश्चिमी देशों का इल्जाम है कि इस प्रांत में कम से कम 10 लाख लोगों को पुनर्शिक्षा शिविरों में कैद कर रखा गया है। ये अधिकांशत: उइगुर मुस्लिम हैं। इन्हें कई तरह के शोषण का सामना करना पड़ता है।

# ऐतिहासिक समझ की गलत करवट की सजा, कितनों को भुगतनी होगी

**कैंब्रिज के प्रोफेसर रिचर्ड इवान्स के एक व्याख्यान में कही गई बात याद आती है कि संचार के जिस युग में हम रह रहे हैं, खासतौर पर यूके में अलग-अलग संस्कृतियों से आए माता -पिता या दादा-दादी, नाना-नानी की संतानों को खास किस्म का राष्ट्रवादी इतिहास पढ़ाना संभव नहीं है, क्योंकि राष्ट्रवादी इतिहास के चयनित तथ्यों से आगे की जानकारियां भी उन्हें सहजता से मिल जाने वाली हैं।**

दिनकर की संस्कृति के चार अध्याय को हिंदी के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिलना अकादेमी इतिहास की विरल घटना थी, जब गैर साहित्यिक या इतिहास की किताब को यह पुरस्कार दिया गया था। क्या इतिहास का एकल उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में योगदान है? ऐसे नायकों की कहानियां सुनाना जो प्रेरित कर सकें कि ऐसे जियो, ऐसे लड़ो, ऐसे बनो। क्या ऐसी कहानियों के सुंदर समुच्चय को सच्चा और अच्छा इतिहास कह दिया जाना चाहिए? चलो, मान भी लिया जाए कि यही सर्वोच्च, पवित्र मकसद है, तो जब बड़ी घटनाएं नक्शा बदल देंगी, तब इस पुराने लिखे पवित्र इतिहास का क्या करेंगे, कूड़ेदान में डालेंगे या खुद को ही इस अपराध के लिए दोषी ठहराकर चौराहे पर अपने हाथों से अपने गले मे फंदा डाल लेंगे?

हमारे घरों के बच्चे अक्सर



इतिहास के सबक भविष्य की ठोकरें बन जाएंगे

इतिहास को एक उबाऊ विषय मानते हैं, उम्र में बड़े हो चुके लोगों को कहते सुना है कि घटनाएं और तारीखें याद करते- करते थक जाते थे हम- हिस्ट्री- ज्योग्रफी बड़ी बेवफा, रात को याद किया, सुबह हो गई सफा। फिर अक्सर लोग अपने बीते जीवन को घटनावार, तिथिवार बताने लगते हैं, उन्हें नहीं पता होता कि वे इतिहास के जोन में आ चुके हैं, यह पर्सनल हिस्ट्री कहलाती है।

पर कमाल यह है कि सियासतदान इसे एक जरूरी विषय मानते हैं। वे फिर किसको, और कैसे अपने मन का इतिहास पढ़ाना, सिखाना चाहते हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में इतिहास के पूर्व प्रोफेसर बीएल भादानी हाल ही में एक दिन कह रहे थे-यूक्रेन के इलाकों पर रूस का कब्जा हो जाने पर रूसी लोग यूक्रेन के इतिहास की पुस्तकों को जला रहे हैं। क्या यूक्रेन के लोग अपने इतिहास को भूल जाएंगे? शायद कभी नहीं। इसी प्रकार हमारे भारत में वैज्ञानिक आधार पर लिखे गए इतिहास को कोर्स से हटाकर नया इतिहास लिखा जा रहा है, क्या उपरोक्त दो बातों में साम्य नजर आता है?%उनकी बात से भी मुझे इतिहास लेखन की बुनियादी जरूरत और अहमियत का सवाल खड़ा होता दिखाई देता है। कौन-सा इतिहास हम नष्ट करना चाहते हैं, किसको बचाना, यही चयन पद्धति बहुत से सवालों का जवाब भी है, खुद में एक लाजवाब सवाल भी है। ऐतिहासिक समझ की गलत करवट की सजा कितने लोग भुगतते हैं, कई बार केवल कुछ लोग, कई बार लाखों... इतिहास लिखने के मकसद को लेकर याद करना जरूरी लगता है कि जब रामधारी सिंह 'दिनकर' इतिहास और संस्कृति विषयक लेखन कर रहे थे, कौन इनकार कर सकता है कि उनकी प्राथमिकता में नेहरूवियन भारत का सपना नहीं था? वह दृष्टि दिनकर जी के लेखन में आद्योपांत दिखाई देती है। उनकी किताब संस्कृति के चार अध्याय को हिंदी के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिलना अकादेमी इतिहास की विरल घटना थी, जब गैर साहित्यिक या इतिहास की किताब को यह पुरस्कार दिया गया था। कहने को कहा जा सकता है कि विज्ञान के आविष्कार विज्ञान के विकास, विषय के विस्तार के लिए होते हैं या मानव सभ्यता के हित के लिए? तो इतिहास की भी अहमियत केवल विषय के विकास पर कैसे मानी जानी चाहिए। पर दोनों मकसद साथ पूरे हो जाएं, ऐसे संयोग तो दुर्लभ होते होंगे। कभी या प्राय: दोनों मकसद आमने-सामने आकर खड़े हो जाते होंगे।

ईशा झावेरी

## मिला जुला

# कार्यकर्ताओं में कसावट लाने भाजपा की कवायद शुरू विधानसभा स्तरीय बैठक समपन्न

### विधानसभा प्रभारी महेन्द्र पंडित ने विन्द्रानवागढ़ कार्यकर्ता देवतुल्य कहा

जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।

भाजपा अब विधानसभा स्तर पर चुनाव को लेकर बड़ी तैयारी शुरू कर दिया है विन्द्रानवागढ़ विस के कार्यकर्ताओ में ऊर्जा भरने प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्माऔर प्रभारी महेन्द्र पंडित ने देवभोग में विधानसभा स्तरीय बैठक कर कार्यकर्ताओ में जोश भर दिया वही विधानसभा में आने वाले छह मण्डलों के मण्डल अध्यक्षों से बुथ स्तर के तैयारी को विस्तृत जानकारी लिया। प्रभारी के इस बैठक में देवभोग झाखरपारा मैनपुर गोहरापदर छुरा गरियाबंद पांच मण्डल के अध्यक्ष महामंत्री सहित मण्डल पदाधिकारी और बुथ अध्यक्ष शामिल हुये। इस बैठक में प्रमुखत:क्षेत्रीय विधायक डमरूधर पुजारी जिला अध्यक्ष राजेश साहू अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथी मांझी रामरतन



मांझी सांसद प्रतिनिधि कुंजबिहारी बेहेरा जिला उपाध्यक्ष अनिल चंद्राकर महामंत्री पुनित राम सिन्हा भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप सहित विस सभा में आने वाले जिला मण्डल पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं ने भारी उत्साह के साथ जीत बरकरार रखने का लिया संकल्प

विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में छह मण्डल के जिला मण्डल और बुथ स्तर के बडी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उपस्थित विधानसभा प्रभारी के समक्ष विस में जीत बरकरार रखने और केन्द्र सरकार के उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने का संकल्प लिया। जब प्रभारी बैठक ले रहे थे तो भाजपा के स्थानीय युवा कार्यकर्ताओ ने इसबार बड़ी जीत दिलाने की बात कही है।

### राज्यस्तरीय महासम्मेलन में दो सौ से अधिक बूथ अध्यक्ष शामिल होंगे

आगामी 9 सितम्बर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा छग प्रवास पर आ रहे हैं। इस प्रवास को लेकर भी प्रदेश स्तर पर बड़ी तैयारी चल रही है विन्द्रानवागढ़ विस के देवभोग के 56 बुथ, झाखरपारा के39 गोहरापदर के 70छुरा के 20 मैनपुर के 42 सहित गरियाबंद के 64 को मिलाकर दो सौ उनचालीस बुथो के छह सौ से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। मण्डल स्तर पर मासिक बैठक करने के बाद विस स्तर पर बडी बैठक करना चुनाव की बड़ी तैयारी मानी जा रही है वही राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास और कार्यकर्ताओं से सीधी चर्चा भी चुनाव के तैयारी का हिस्सा होने का अनुमान माना जा रहा है।

### संगठन महामंत्री का विस में पहला प्रवास

संगठन महामंत्री बनने के बाद पवन साय का विन्द्रानवागढ़ विस में पहला प्रवास है ऐन चुनाव के तैयारी के वक्त संगठन के मुखिया का विस स्तरीय प्रवास से टिकट के दावेदारों में हलचल भी शुरू हो गया है। भाजपा का किला माना जाने वाला विन्द्रानवागढ में दावेदारों की भी लम्बी लिस्ट है और इस विस मे भाजपा के नया चेहरा उतारे जाने की भी जोरो से चर्चा है हालांकि चेहरा बदले जाने के सवाल पर प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा वक्त बहुत है और इसका फैसला कोर कमेटी तय करेगी। वही उन्होंने इस बार गरियाबंद जिला के राजिम और विन्द्रानवागढ़ दोनों विस मे भाजपा के जीत का दावा किया।

# शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में मौका दिए जाने संसदीय सचिव से की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

डीएड बीएड अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने आगामी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में पात्रता दिलाने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने इस दिशा में शासन का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया। बुधवार को विजय बघेल, मुस्ताक खान, निशी चंद्राकर, वंदानी योगी, वेदराम पटेल, संतोषी पटेल, मीनाक्षी प्रधानए



लिलेश निषाद, लक्ष्मी साहू, लोमेश सिन्हा, धनंजय कुमार, अमित, गुलाब साहू आदि संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि 22 जुलाई 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में दस हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की है। डीएड व बीएड अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों में संशय है कि वे आगामी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के लिए पात्र होंगे कि नहीं। चूंकि भर्ती प्रकिया पूर्ण होने में विलंब हो जाता है तब तक डीएड बीएड अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों का अध्यापन जून 2023 तक पूर्ण हो जाएगा। दो-तीन महीने के अंतर के कारण उन्हें बेरोजगारी की पीड़ा सहनी पड़ सकती है। लिहाजा डीएड बीएड अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को आगामी भर्ती परीक्षा में शामिल किया जाए। आगामी भर्ती परीक्षा के नोटिफिक्रेशन में यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित हो कि डीएड बीएड अंतिम वर्ष के विद्यार्थी पात्र होंगे। जिस पर संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने उनकी मांगों की ओर शासन का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया।

### * इंग्लिश मीडियम कॉलेज के लिए सीएम का जताया आभार

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने महासमुंद में इंग्लिश मिडियम कॉलेज संचालित किए जाने के अनुमति पर आभार जताया है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने बताया कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय प्रारंभ किया जाना है। जिसके तहत महासमुंद के पीजी कॉलेज में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय प्रारंभ होगा।

# पैसों के लिये षड़यंत्र रचकर वृद्धा की हत्या करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

बीते 28-29 अगस्त की दरम्यानी रात बसना थाना क्षेत्र के ग्राम खेमडा में 77 वर्षीय वृद्धा की हत्या करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने 48 घंटे में धर दबोचा। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पैसों के लालच में उनके द्वारा हत्या के अपराध को अंजाम दिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा इस मामले में थाना बसना व सायबर सेल की टीम एवं फ रॅरेंसिक टीम रायपुर को घटना स्थल पर पहुंचकर बारिकी से जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। सायबर सेल की टीम व थाना बसना पुलिस की टीम घटना स्थल मौका पहुच कर घटना निरीक्षण कर मृतक के बारे में अलग-अलग टीम गठित कर छोटी सी छोटी जानकारी एवं परिवार संबंं, भूमि बटवारा संबंधि एवं मृतक के निजी जीवन के संबंध में जानकारी एकत्र किया गया। जॉच दौरान पता चला कि खीरबाई गांव में एफसीआई गोदाम में रोड रोड किनारे एक झोपडीनुमा हॉटल खोली थी जहॉ मृतिका रात में सोती थी। खीरबाई का पुत्र सुशील राणा का काम गाज बंद होने से आर्थिक रूप से परेशान था। मृतिका का पुत्र रोहित किसी प्रकरण में जेल बंद है जिसे छुड़ाने के लिए वह भीख मांग कर पैसा इकठ्ठा कर रही थी। इसके साथ कुष्टो यादव भी भीख मांगकर जीवनयापन करता है। सुशील राणा व कुष्टो यादव दोनों जान पहचान के है। पुलिस की टीम द्वारा दोनो व्यक्ति पर संदेह जाहिर करते हुये संदेही सुशील राण व कुष्टो यादव को पुलिस अभिरक्षा में लेकर



पूछताछ करना प्रारंभ किया गया। जिस पर संदेहीयों द्वारा पुलिस को मनगणहंत बाते कहकर गोल मोल जवाब देने लगे। उसके बाद पुलिस ने जब कड़ा रवैया अख्तियार किया तो आरोपी टूट गये और अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि विशाखा भोई अपने गले में एक छोटा कपड़ा का थैला लटका के रखती थी जिसमें भीख मांग मांग कर पैसा इकठ्ठा करती थी एवं गले में ही लटकाये रहती थी विशाखा भोई का लड़का रोहित जेल में है जिसे छुड़ाने के लिये विशाखा भोई पैसा इक्कठ्ठा कर थी जिसे हम दोनो देखे भी थे करीबन 05 हजार रूपये को थैले में ही रखी हुई थी 28 अगस्त 2022 को हम दोनो विशाखा भोई से पैसा लेने का चर्चा किये थे तथा रात्रि 10-11 बजे हॉटल के पास मिलने का बात हुआ था रात्रि करीबन 11 बजे हॉटल के पास खड़े थे हॉटल के अन्दर विशाखा भोई लकड़ी के पाटा के उपर सोई थी। पानी गिरने के वजह से रास्ता सुनसान था सुनसान देखकर हॉटल में लगे पर्दानुमा खेट को हटाकर हम दोनो अन्दर प्रवेश किये। देखे विशाखा भोई सो रही थी एवं उसकी सीर के पास कपड़ा का पैसा वाला थैरा रखा था तथा दूसरे साईड में एक गमछा पड़ा था पैसा निकालने से जग जायेगी सोचकर सुशील राणा के द्वारा गमछा से अचानक मृतिका के गले में गले बांध कर खिच दिया तथा कुष्टो यादव के द्वारा मृतिका विशाखा भोई के पैर को पकड़ा था जिससे कुछ ही समय में विशाखा भोई की मृत्यु हो गई। और कपड़े में बंधे पैसा को लेकर वहा से फरार हो गये और पैसे को आपस में बाट लिये। बटवारे में मिले नगदी 5000 रूपये को घर में छुपाकर रखना स्वीकार किया। आरोपीगण के कब्जे से नगदी रकम 5000 रूपये को जप्त कर आरोपी, सुशील राणा पिता स्व.नित्यानंद राणा उम्र 23 वर्ष सा.ग्राम खेमडा बसना महासमुन्द तथा 02, कुष्टो यादव पिता धनुर्जय यादव उम्र 40 वर्ष सा. ग्राम खेमडा बसना महासमुन्द के विरूध्द अपराध 457/22 धारा 302 भादवि के तहत् थाना बसना में कार्यवाही गई। यह सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में अति.पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु.अधिकारी सरायपाली विकास पाटले के निर्देशन मे थाना प्रभारी बसना निरीक्षक कुमारी चन्द्राकर सउनि विजय मिश्रा, आर सूरज निराला, किशोर साहू, नरेश बरिहा, कौशल ध्रुव, खगेश ध्रुव द्वारा की गई।

# पत्रकार साहस की साहसी बेटियों ने दिया पिता की अर्थी को कंधा व चिता को मुखाग्नि

## गमगीन माहौल में साहस सव को दी गई अंतिम विदाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

युवा पत्रकार और नवोदित साहित्यकार साहस साव असमय ही काल के गाल में समा गए। नशे की लत और दु:साहस ने हमसे हमारा साहस छीन लिया। मन बहुत व्यथित है, जीवन यात्रा में अनेक अवसरों पर साथ निभाने वाला साहस इतनी जल्दी हमें अलविदा कहने की दु:साहस भला कैसे कर सकते हैं। लंबी सांस लेकर मन को इस तरह समझा रहे हैं। विधि के विधान के समक्ष नतमस्तक होने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। दु:ख की इस बेला में सीना गर्व से तब चौड़ा हो गया। जब साहस की दो बेटियों ने अर्थी को कंधा देकर अदम्य साहस का परिचय दिया। ऐसा भी नहीं है कि साहस के परिवार में कोई नहीं है। भरा पूरा परिवार है। बहुत से रिश्तेदार हैं।





### मुखाग्नि देने का अधिकार क्या केवल बेटे को है

पिता की चिता को मुखाग्नि देने का अधिकार क्या केवल बेटे को ही है। नहीं न। बेटे और बेटियों में हमारा पुरूष प्रधान समाज भेद करता रहा है। महिलाओं का शमशान घाट तक जाना भी वर्जित मान रखे हैं। इन परिस्थितियों में पिता की चिता को मुखाग्नि देकर, अर्थी को कन्धा देकर साहस की बेटियों ने यह साबित कर दिखाया है कि वे वास्तव में साहस की बहादुर बेटियां हैं। वाकई हमारा देश और समाज अब बदल रहा है। साहस की इन साहसी बेटियों को हम सलाम करते हैं।

### सामाजिक सरोकार की चर्चा चहुं ओर

तीज पर्व के दिन साहस के नहीं रहने की सूचना मिली। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साहस साव के खबर प्रसारित होने के बाद साहस के सामाजिक सरोकार और कुशल व्यवहार की चहुं ओर चर्चा होने लगी। तीज त्यौहार में दूर गांव गईं साहस की मां और बेटी बहनों को साहस के देहावसान की सूचना दी गई और उनके झलप वापस आने पर दोपहर बाद बंगला पारा झलप से अंतिम यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन और नामी हस्तियां शरीक हुए। शोक संतप्त परिवार में साहस की अर्थी उठाने और मुखाग्नि देने को लेकर चर्चा होने लगी।

### साहस की बेटियों का साहसिक निर्णय

पिता की अर्थी को दु:खी मन से कंधा देना किसी के लिए भी कम बड़ा साहस नहीं है। साहस की बड़ी बेटी हर्षा ने जब कंधा और मुखाग्नि देने का सहसा प्रस्ताव रखा। तो वहां उपस्थित परिजनों और सामाजिक कार्यकर्ताओ के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। हर्षा के प्रस्ताव पर छोटी बेटी तोयनिधि ने भी सहर्ष सहमति जताई। देखते ही देखते सभी के बीच इसकी चर्चा होने लगी। मौके पर उपस्थित साहू समाज के जिलाध्यक्ष धरम साहू ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। फिर दोनों बेटियों हर्षा ;18 वर्षद्ध और 16 वर्षीय तोयनिधि लिली ने अपने पिता साहस के अर्थी को कंधा देने का साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने अपने घर से निजी भूमि पर बने अंतिम संस्कार स्थल तक अर्थी को कंधा दी।

### बेटियों पर सभी को है गर्व

*यह नजारा जिसने भी देखा बेटियों पर गर्व किया। बेटियां, मां बाप पर बोझ नहीं होती हैं। अब तो वह पिता की अर्थी का भार भी उठाने लगी हैं। इसकी ही चर्चा होती रही। अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, साहू समाज के जिला अध्यक्ष व भाजपा मंत्री धरम दास साहू, देवा नायक, सरपंच किशन कोसरिया, उपसरपंच सीटू सलूजा के अलावा पत्रकारिता, स्वास्थ्य, शिक्षा, साहित्य जगत से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। होनहार युवा पत्रकार को नम आंखों से विदाई दी गई। बेटियों के द्वारा पिता की चिता को मुखाग्नि देते देखकर सबकी आंखें भर आयी।*

## एक नजर

### तहसीलदार की कूटरचना का कमाल

एक मरे हुये के नाम की जमीन दूसरे मरे हुये के नाम कर दी गई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सांठ-गांठ कर मृत व्यक्ति के नाम की जमीन को उनके मृत पत्नी के नाम पर दर्ज करने का मामला सामने आया है। आवेदक ने तत्कालीन तहसीलदार सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। आवेदक स्टेशन रोड निवासी ज्ञानचंद चोपड़ा ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंप कर बताया कि उसके पिता अनराज चोपड़ा का स्वर्गवास 4 सितंबर 1992 को हुआ। माता पतासी बाई का स्वर्गवास 26 मार्च 2017 को हुआ। पिता के नाम की जमीन खसरा नंबर 1241/19/3 2018 तक उन्हीं के नाम पर थी, लेकिन तत्कालीन तहसीलदार मूलचंद चोपड़ा ने राजस्व निरीक्षक के प्रतिवेदन को अनदेखा कर अन्य के साथ षड़यंत्र कर सन 2019-20 में पतासी बाई के नाम पर दर्ज कर दिया। जबकि नियम के तहत मृत के नाम पर दर्ज करना गैर कानूनी है। इस षडयंत्र में कुछ और लोग शामिल है। सभी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

### ट्रैक्टर पलटने से 5 घायल

एक अन्य घटना में रायपुर से सिरपुर भ्रमण के लिए ट्रैक्टर से आ रहा एक परिवार ग्राम फुसेराडीह के पास हादसे का शिकार हो गया। हालांकि घटना में किसी के हताहत नहीं होने की खबर है। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह रायपुर से एक परिवार ट्रैक्टर में सिरपुर भ्रमण के लिए आ रहा था। ग्राम फुसेराडीह के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सवार सभी पांच घायल हो गए। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा उपचार के लिए,तुमगांव सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने बताया कि घायलों में एक को चोट ज्यादा आई है।

### किसानों के लिए नवागांव में बनेगा कृषक विश्राम गृह

* चबूतरे पर बैठकर ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



क्षेत्र के ग्रामीणों किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संपर्क और संवाद के क्रम में छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अग्नि चंद्राकर महासमुंद विधानसभा अंतर्गत ग्राम नवागांव पटेवा,पहुंचे, जहां उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। किसानों की मांग पर धान उपार्जन केन्द्र में आने वाले कृषकों की सुविधा के लिए कृषक विश्रामगृह का निर्माण की घोषणा की। ग्राम पहुंचने पर पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं सहित ग्रामवासियों ने चंद्राकर का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सरपंच गंगाराम दीवान, उपसरपंच व्यासनारायण ध्रुव, चम्मनलाल ध्रुव, महारथी सिन्हा, मोहन सिन्हा, गंगाराम सिन्हा, मानसिंग निषाद, मंगलू दीवान, राजकुमार निषाद, मनीराम जांगड़े, रामा चंद्राकर, मनोज पटेल आदि ग्रामीणों ने समस्याओं से अवगत कराते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों के सुरक्षित आवागमन के लिए नवागांव से बोडरा होते हुए पटेवा तक 3 किमी.पक्की सड़क, ग्राम में धान उपार्जन केन्द्र तक सड़क निर्माण, कृषकों की सुविधा के लिए कृषक विश्रामगृह का निर्माण तथा पेयजल व्यवस्था की मांग की। वहीं मनरेगा के लंबित भुगतान तथा लो वोल्टेज की समस्या बताते हुए निराकरण का अनुरोध किया। चंद्राकर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि संबंधित विभागों के माध्यम से उनकी सभी समस्याओं का निराकरण कराएंगे। चंद्राकर ने ग्रामीणों के समक्ष प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी चर्चा की। दौरे में चंद्राकर के साथ युवा नेता दिव्येश चंद्राकर, प्रतिनिधि नारायण नामदेव, मदन भारती, पूर्व पार्षद राजू साहू, नरेन्द्र चंद्राकर भी थे।

### 20 पाव देसी शराब जप्त

कोरबा । पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री संतोष सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू के मार्गदर्शन पर कोरबा जिले में ऑपरेशन निजात अभियान चलाया जा रहा है ।जिसके अंतर्गत जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी तारतम्य में दिनांक 29 अगस्त 2022 को नगर निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बिक्री करने वाले तथा अवैध सट्टा के खिलाने वाले 2 व्यक्तियों के विरूद्ध 2 अलग-अलग मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## उपवासी महिलाओं ने शिव पूजा के बाद तोड़ा उपवास

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

महिलाओं ने तीज पर्व पर सोमवार को कडू भात खाकर आधी रात से शुरु किया निर्जला व्रत सुबह भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना और फलाहार के बाद पूर्ण किया। व्रती महिलाओं ने एक-दूसरों को घर पर व्रत पूरा होने की बधाई देते हुए फलाहार के, सेवन के लिए आमंत्रित किया। इससे पूर्व महिलाओं ने मंगलवार सुबह-शाम और बुधवार सुबह शिवालयों में पहुंच पूजा-अर्चना कर पति की लंबी आयु की कामना की। घरों में पर्व पर बनाए गए छत्तीसगढ़ी पकवान व्रती महिलाओं को परोसे गए। भाईयों ने परम्परा के तहत साड़ी भेंट की। गुरुवार से तीज के लिए मायके पहुंचीं तिजहारिनों की कल से वापसी का सिलसिला शुरु हो जाएगा। इसके चलते एक बार फिर बसों और ट्रेनों में भीड़ रहेगी।

### सड़क हादसे में 2 मरे, ट्रैक्टर पलटी 5 घायल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कोतवाली और बसना थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसे में हुए दो-दो की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त को साराडीह मोड़ में भलेसर निवासी, लोकेश्वर तारक 23 सड़क हादसे का शिकार हो गया था जिनकी मौत हो गई। वहीं बसना थाना क्षेत्र में जगदीशपुर मार्ग में ओव्हरब्रिज के पास रेमड़ा निवासी अभिमन्यु पटेल 26 सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुरूप सुकमा जिला में छिंदगढ़ नवीन राजस्व अनुविभाग बनाया गया

जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने किया कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुरूप सुकमा जिले के छिंदगढ़ तहसील को राजस्व अनुविभाग का दर्जा मिल गया है। आज बुधवार को सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कार्यालय अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी रा. का उद्घाटन किया। इस अवसर पर छिंदगढ़ जनपद अध्यक्ष देवली बाई नाग, उपाध्यक्ष नाजिम खान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। कलेक्टर हरिस. एस द्वारा जारी आदेश अनुसार सुकमा जिले में प्रशासनिक दृष्टिकोण से जनहित एवं कार्य सुविधा हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. सुकमा, सुश्री प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ नवीन सृजित अनुभाग छिन्दगढ़ का अनुविभागीय अधिकारी रा. एवं दण्डाधिकारी छिन्दगढ़ का प्रभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2 अप्रैल 2022 को बस्तर जिले के ग्राम बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में पुजारी,सिरहा,गुनिया,बाजा मोहरिया,पटेल,आटपहरिया,पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सुकमा जिले की छिन्दगढ़ तहसील को राजस्व अनुविभाग बनाने की घोषणा की थी।







## आवारा कुत्तों के झुंड ने कर दिया चीतल पर हमला,मौके पर चीतल की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कोरिया जिला के वन मंडल मनेंद्रगढ़ अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र कुवांरपुर में आवारा कुत्तों के झुंड ने चीतल पर हमला कर दिया। कुत्तों के काटने से मौके पर ही चीतल की मौत हो गई वहीं हमले के दौरान कुत्तों के झुंड से टकराकर एक युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आपको बता दें की मंगलवार की सुबह कोरिया जिले के वनांचल क्षेत्र भरतपुर तहसील अंतर्गत वन परिक्षेत्र कुंवारपुर के पतवाही बीट में जंगल से भटककर एक चीतल शहर की ओर आ गया। जैसे ही आवारा कुत्तों के झुंड की नजर उस चीतल पर पड़ी तो उन्होंने चीतल को दौड़ाना शुरू कर लिया। इसी दौरान जनकपुर में रहकर फुल्की का धंधा करने वाला 40 वर्षीय राम शंकर कुशवाहा मोटरसाइकिल में लकड़ी लेकर जा रहा था। तभी वह कुत्तों के झुंड से टकराकर वहीं जमीन पर बेसुध होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद ग्रामीणों द्वारा राम शंकर कुशवाहा को ईलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुत्तों द्वारा जगह जगह काट देने के कारण चीतल की भी मौके पर ही मौत हो गई। वनांचल क्षेत्र जनकपुर में संरक्षित वन्य प्राणी चीतल की मौत का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी 17 जून को आवारा कुत्तों के झुंड ने एक वयस्क चीतल पर हमला कर दिया था। जिससे उसकी भी मौत हो गई थी साथ ही 4 जुलाई को भी पतवाही बीट में कुत्तों के हमले से 2 चीतलों की मौत हो गई थी। जब इस संबंध में हमने वनपरिक्षेत्राधिकारी कुंवारपुर राम सागर गुप्ता से जानकारी ली तो उन्होंने बताया की अभी वे हड़ताल पर है। कुत्तों के झुंड द्वारा आये दिन चीतल पर हमला करने के मामले में जल्द ही ठोस प्रयास किया जायेगा।






## कार का सपना दिखाकर अधेड़ से 15 लाख की ठगी

पीड़ित की रिपोर्ट पर 3 के खिलाफ जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कार पाने का सपना सच करने के फेर में एक अधेड़ ठगी का शिकार हो गया। उन्हें उसके ही परिचितों ने जस्ट 999 कंपनी में जुड़ने के बाद रुपए जमा करने पर कंपनी द्वारा कार बाइक दिए जाने का झांसा देकर करीब 15 लाख रुपए ठग लिए। उक्त रकम अधेड़ ने दोस्त व रिश्तेदार से मांगकर कंपनी में लगाया था। सरायपाली पुलिस को ग्राम घठोरा रायगढ़ निवासी नंदलाल पटेल ने बताया कि सरायपाली निवासी सालिक राम चौधरी, पिथौरा निवासी रुपधर चौधरी और मोतीबाई चौधरी ने जमा रकम दोगुना और बाइक व कार दिलाने का लालच देकर उन्हें जस्ट 999 कंपनी से जोड़ दिया। सदस्य बनने के बाद श्री पटेल ने कंपनी से कार-बाइक पाने और जमा रकम दोगुना होने के लालच में कंपनी के खाते में 3 लाख रुपये जमा किया और 7 लाख और 4 लाख 79 हजार रुपए नकद दिया। उक्त राशि की व्यवस्था अपने मित्र गोपीचंद से 2.50 लाख, शंकरलाल पटेल से 3 लाख और मधुसूदन पटेल से 1 लाख और स्वयं के पास 2 लाख 29 हजार रुपए दिया है। रकम की वापसी के लिए गांव की बैठक में 6 लाख रुपए वापस कर मामला समाप्त करने समझौता हुआ। पर आरोपियों ने रकम वापसी नहीं की। जिससे मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। जांच पर पुलिस ने मामले में महिला समेत दो के खिलाफ धारा 420, 134 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## फर्जी नक्सली बन उगाही करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

आत्म समर्पण करने वाला नक्सली ही गेंग का मास्टरमाइंड

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।





देवभोग के बाद छुरा क्षेत्र में भी फर्जी नक्सली का एक मामला सामने आया है। पकड़े गये छह आरोपी नक्सली का धौंस देकर छुरा के एक सरपंच से पांच लाख रूपये का उगाही कर रहे थे। ऐसा ही कुछ मामला साल 2016.17 में देवभोग क्षेत्र मे भी देखने को मिला था।जिसमें कुछ आरोपीयो ने देवभोग उरमाल के व्यापारियों से नक्सली बन उगाही कर रहे थे जिसे गरियाबंद की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। छुरा थाना क्षेत्र के खुड़ियाड़िही प्रार्थी हेमू नागेश 25अगस्त को शिकायत दर्ज कराया था। दर्ज कराये गये शिकायत में उसने 3-4 नकाबपोश रात घर घुसकर मारने की धमकी देते हुये 5लाख रूपये की मांग की थी। जिसकी शिकायत के बाद छुरा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर को इसकी जानकारी दी। एसपी ठाकुर मामले पर छुरा पुलिस के साथ अपने स्पेशल टीम को लगा दिया। वही मामले पर एडिशनल एसपी चंद्रेश ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक, उप पुलिस अधीक्षक निशा सिन्हा के पर्यवेक्षण में आपरेशन फर्जी नक्सली चलाया गया। जिसमे गरियाबंद जिले की पुलिस ने महज ही छह दिनो में ही सफलता हासिल कर लिया और मामले पर धारा 323,458,384,34,386,387,419,398 के तहत अपराध दर्ज कर कारवाई की है।

### कौन-कौन थे स्पेशल टीम में जिन्होने आपरेशन को अंजाम दिया

आरोपीयों को दबोचने छुरा थाना प्रभारी के अलावा स्पेशल टीम प्रभारी अंगद राव चुडामणी देवता,सुशील पाठक,रविन्द्र सिन्हा,हरीश साहू यादराम ध्रुव सहित छुरा थाना के एएस आई सुरेश निषाद,हीरालाल चंद्राकर,तुलाराम,उमेश शांडिल्य,माधव साहू दयानंद गौड,राजेन्द्र गायकवाड,सूर्यकांत राय शामिल थे।

### टीम ने ऐसे दबोचा फर्जी नक्सलियों को

मामले की शिकायत के बाद एसपी ठाकुर के कडे निर्देश के बाद टीम आपरेशन पर लग गयी बहुत कम समय मे ही अपने सूचना तंत्र को सक्रीय किया फिर अपने विश्वस्त मुखबीर द्वारा दिये गये सूचना के आधार पर संदेही प्रहलाद नायक, रोहित नायक,गेमेन्द्र ध्रुव,ओमप्रकाश निषाद, गौतम चक्रधारी,एवं पायल मानिकपुरी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। कड़ी पुछताछ के बाद पकड़े गये छह आरोपियो ने अपना जुर्म भी कबुल लिया है।

### अपराध को अंजाम देने के कई सामग्री पुलिस को बरामद

पुलिस ने पकड़े गये फर्जी नक्सलीयों के पास से 03एयर गन,70 छर्रे,02वाकीटाकी, 02चार्जर,06 नक्सली वर्दी,04मोबाईल,01पेचकस,02बैग,नक्सली पर्चा, मिर्च पावडर, प्लास्टिक टेप सहित एक मोटर साइकील एक मारूती सुजुकी कार जप्त किया है।

# बेमेतरा पुलिस ने अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाया अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में प्रतिदिन पूरे जिले में थाना चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 30 अगस्त 2022 को थाना नवागढ़ पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान जरिये मुखबीर के सूचना मिली कि ग्राम पेन्ड्री का भुपत वर्मा अपने घर के सामने में अंको पर से रूपया पैसो का हार जीत का दाव लगाकर सट्टा,पट्टी लिखकर जुआ खेला रहा है कि सूचना पर थाना नवागढ़ स्टाफ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी को अंको पर से रूपया पैसो का हारजीत का दाव लगाकर सट्टापट्टी लिखते रंगे हाथो पकड़े गये। जिसमें 01 प्रकरण में 01 आरोपी भुपत वर्मा पिता चुरामन वर्मा उम्र 35 साल साकिन पेन्ड्री थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा के कब्जे से सट्टा दृ पट्टी सहित नगदी रकम 2,660 रूपये को जप्त कर 4 क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

इसी प्रकार 30 अगस्त 2022 को थाना नवागढ़ पुलिस को जरिये मुखबिर से सुचना मिली कि ग्राम मुरकुटा में पान ठेला के पास एवं ग्राम धौराभाठाखुर्द में आम जगह पर कुछ जुआड़ियान रूपये पैसो का दांव लगाकर तास पत्ती से काट पत्ती नामक हार जीत का जुआ खेल रहे है कि सूचना पर थाना नवागढ़ स्टाफ द्वारा गवाहों के साथ मौके पर पहुच कर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां पुलिस को आते देख कर कुछ जुआड़ियान भाग निकले तथा आम जगह पर रूपये पैसो का हार जीत दांव लगा कर जुंआ खेलते जुआडियान रंगे हाथो पकडें गये। जिसमें 02 प्रकरण में 10 जुआड़ियान नाम, विद्यासागर सतनामी उम्र 53 साल,धर्मेन्द्र नवरंग उम्र 25 साल,ज्योतिष कुर्रे उम्र 25 साल,अरूण कुमार नवरंग उम्र 35 साल,भवन कुर्रे उम्र 34 साल, नेतराम रात्रे उम्र 52 साल,नंदलाल डहरिया उम्र 40 साल साकिनान मुरकुटा थाना नवागढ़, मनोज टंडन उम्र 40 साल, भुपेन्द्र कुमार खाण्डे उम्र 27 साल,सत्यनारायण कांठले उम्र 20 साल साकिनान धौराभाठखुर्द थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा के फड एवं पास से जुमला नगदी रकम 15,100 रूपये को 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक अजय सिंन्हा, सउनि तुलाराम देशमुख, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश मनहरे, पंकज सिंह, आरक्षक जितेन्द्र धनकर, अमित यादव, फिरोज साहू, राहुल दुबे, भोलाराम साहू, नगर सैनिक से नितेश राजपूत, चंद्रेश जोशी, राज आडिल एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही। इसी प्रकार 30 अगस्त 2022 को थाना साजा पुलिस को जरिये मुखबिर से सुचना मिली कि ग्राम जगन्नाथपुर में आम जगह पर कुछ जुआडियान रूपये पैसो का दांव लगाकर तास पत्ती से काट पत्ती नामक हार जीत का जुआ खेल रहे है कि सूचना पर थाना साजा स्टाफ द्वारा गवाहो के साथ मौके पर पहुच कर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां पुलिस को आते देख कर कुछ जुआडियान भाग निकले तथा आम जगह पर रूपये पैसो का हार.जीत दांव लगा कर जुंआ खेलते जुआडियान रंगे हाथो पकड़ें गये। जिसमें 01 प्रकरण में 05 जुआडियान नाम, धनराज जागड़े उम्र 26 साल, सरोजन टण्डन उम्र 22 साल, परमेश्वर बघेल उम्र 25 साल 04,राजू टण्डन उम्र 28 साल 05 राज कुमार जागडे उम्र 22 साल साकिनान जगन्नाथपुर थाना साजा जिला बेमेतरा के फ्ड एवं पास से जुमला नगदी रकम 1,550 रूपये को 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया। 4 क जुआ एक्ट के मामले में सट्टादृपट्टी सहित नगदी रकम 2,660 रूपये एवं 13 जुआ एक्ट में कुल 03 प्रकरणों में 15 जुआड़ियानों से 16,650 रूपये जप्त किया गया है।

## एक नजर

### गणेश चतुर्थी पर खारंग जलाशय लबालब खुटाघाट में लगा मेला

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।





खुटाघाट में तीजा पर्व पर हर साल लगने वाला यह मेला इस बार अपने पूरे शबाब था। कोरोना महामारी की वजह से पिछले साल इस मेले में कुछ ज्यादा भीड़ नहीं थी लेकिन इस बार कोरोना में कुछ राहत मिलने की वजह से मेले में भीड़ ज्यादा देखने को मिली। गणेश चतुर्थी के एक रोज पहले महिलाएं तीजा का उपवास रहती है और दूसरे दिन सुबह पारंपरिक मेला का आनंद लेने रतनपुर क्षेत्र के आसपास की ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएं बच्चे अपने पूरे परिवार के साथ खुटाघाट पहुंचती है इस बार खुटाघाट बांध का जल भराव सत प्रतिशत होने की वजह से कुछ दिन तक वेस्ट वियर चालू था जब भी खुटाघाट बांध में रपटा गिरने की जानकारी लोगों को होती तब से ज्यादा पर्यटकों का आना जाना प्रारंभ हो जाता है। और वह तीज मेला के आते आते अपने पूरे शबाब पर होता है अभी तक के इस मेले में सबसे ज्यादा भीड़ इस बार के मेले में देखने को मिला वैसे तो खुटाघाट बांध तक पहुंचने के लिए 4से 5 रास्ते हैं लेकिन सभी रास्तों पर गाड़ियों की लाइन लगी थीं। इसी वजह से लोगों को आने जाने में थोड़ी दिक्कत हो रही थी लाख दिक्कतों के बावजूद भी लोगों में उत्साह में कोई कमी नहीं थी। सभी इस तीज त्यौहार के मेले में पहुंच कर मेल मिलाप करते हुए नजर आए इस त्यौहार का प्रसिद्ध व्यंजन खुर्मी ठेठरी लेकर मेले पर पहुंचे थे वही दुकानें भी सजी थी जहां पर लोगों को सामान खरीदते भी देखे गए छोटे-छोटे बच्चे झूले का आनंद लेते हुए प्रफुल्लित हो रहे थे खुटाघाट का मनोरम दृश्य देखकर लोगों ने खुशी जाहिर की, मेले की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मेले में चुस्त नजर आई रतनपुर पुलिस दल बल के साथ पहुंचे मेले में।

### रास्ट्रीय खेल दिवस पर खेलगांव में खिलाड़ियों को किया ड्रेस वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



राष्ट्रीय खेल दिवस व गणेश चतुर्थी पावन अवसर पर स्व.बिजेन्द्र साहू स्मृति में बड़े भाई जितेंद्र साहू समाजसेवी द्वारा खिलाड़ीयो को ड्रेस वितरण किया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि रास्ट्रीय खेल दिवस व गणेश चतुर्थी पर कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, कुरास व एथलेटिक्स खेलने वाले ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पानी टंकी खेल मैदान खेलगांव नवागांव में स्व. बिजेन्द्र साहू की याद में सुबह शाम अभ्यास करने वाले छोटे छोटे खिलाड़ियों को जितेंद साहू ने अपने तरफ से ड्रेस का वितरण किया ये सभी सभी खिलाड़ी स्कूल गेम्स व ओपन गेम्स में भाग लेकर गांव का नाम रोशन करते है ड्रेस वितरण दौरान जगदीश साहू, प्रकाश पोर्ते, चंद्रप्रकाश साहू, विकास जायसवाल व दिनेश बांड उपस्थित थे।

# वन बंधू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये भेखलाल साहू

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।





खल्लारी विधानसभा के ग्राम मुड़ागांव में वन बंधू परिषद के द्वारा एकल विद्यालय अभियान के तहत एक दिवसीय खेल कूद स्पर्धा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भेखलाल साहू द्वारा मां भारती के तैल चित्र का पूजन अर्चन कर किया गया। मुख्य अतिथि भेखलाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि वन बंधू परिषद के द्वारा वनांचल क्षेत्रों में रह रहे निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सभी वर्ग महिला, पुरुष,युवा किसान, विद्यर्थियों के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं वह बहुत ही प्रसंसनीय है। इस संस्था से जुड़े प्रचार्यगण गांव गांव जाकर नि:शुल्क अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सबसे पहले ग्रामीण अंचल में पढ़ रहे बच्चों को प्राथमिक शिक्षा देना, महिलाओं को आरोग्य हो इसकी जानकारी उपलब्ध कराना,ग्राम विकास में किसानों उन्नत किस्म की खेती रासायनिक खाद से दूर रहकर,युवाओं को नशा से दूर रहने जागरूकता अभियान चलाना, एवम सम्पूर्ण गांव संस्कार वान बने ये प्रमुख उद्देश्य लेकर चल रहे हैं। बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल कूद कबड्डी, दौड़,लम्बी कूद, ऊंची कूद,कुश्ती जैसे खेलो में हिस्सा लिये। बागबाहरा और पिथौरा ब्लाक के 10 ग्राम के बच्चे इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये थे। इस आयोजन में प्रमुख रूप से पूरन दीवान, संतोष सेन सचिव जय चंडी रक्तदान समिति,रवि दीवान,छबि राम दीवान, हेमन्त कुमार सोनवानी अभियान प्रमुख,चंद्रकुमार ध्रुव भरकोनी संच प्रमुख,कन्हैया साहू पटेवा संच प्रमुख,लोमश सोनी,पूनम साहू,मृदुल सोनवानी,देवकुमार चक्रधारी,छबि राम यादव,धनेश्वरी दीवान,प्रमिला ठाकुर,मानबाई ध्रुव,नुका साहू,राजेश्वरी यादव राजकुमारी साहू,धनेश्वरी चक्रधारी उपस्थित रहे।

# अखण्ड सौभाग्य एवं पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखी तीज का व्रत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



अखंड सौभाग्य एवं पति के दिर्घायु जीवन की कामना के साथ शिव आराधना का पर्व हरितालिका तीज श्रद्धा,आस्था,और भक्ति के रस से पूरा रतनपुर नगर डूबा रहा। प्रात: काल से ही नगर की तीजहारिनो द्वारा शिव के गौर पूजा से व्रत का विधि पूर्वक शुरवात किया जिसके तहत नदी के बालू को शुद्ध जल मे सात बार धोकर के शिव और पार्वती की प्रतिमा बनाई गई और उनकी विधिवत पूजा की गई। रतनपुर की निवासी राधिका तंबोली ने इस व्रत के विषय में जानकारी देते हुए बताया की। हरितालिका तीज का व्रत भाद्रपद मास के तृतीया तिथि को मनाया जाता है। प्राचीन काल में माता पार्वती ने कठोर तप करके शिवजी की पूजा की एवं उनको अपने पति के रूप में वरण किया था। इसलिए कुवांरी कन्या भी इस व्रत को करके श्रेष्ठ पति प्राप्ति की कामना करती है। इस दिन हम लोग अपने पारंपरिक व्यंजन ठेठरी,खुरमी,गुजिया पपरी विशेष रूप से बनाते है। बांस के बने हुए 16 परीयो में मंगल सुहाग का समान के साथ ही बेसन से ही स्वर्णाभूषण की प्रतिकृति के रूप मे माता के लिए तैयार गहनो को परीयो मे ही भरकर शिव पार्वती को अर्पित करते है। साथ ही 16 प्रकार के फूल पत्तों से छत्र सजाया जाता है जिसे फूल्हेरा कहते हैं मायके से मिली हुई साड़ियो को फुल्हेरा के चारों ओर सजाते है। जो इस व्रत मे विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। रात्रि मे शिवजी का शोषड़ोपचार पूजा के बाद माताएं भजन किर्तन के माध्यम से शिव स्तुति करते हुए रात्रि जागरण करती है। फिर सभी सुहागिन महिलाएं एक दुसरे को हल्दी कुमकुम करके,अंखड़ सुहाग के लिए शुभकामनाएं देती है। चतुर्थी तिथि को प्रातकाल: पवित्र सरोवर में फुलेरा का विसर्जन करने के बाद इस व्रत का पारणा किया जाता है। इस पूजा मे राधिका तंबोली संतोषी, सीता शर्मा, सहित बड़ी संख्या में माताएं शामिल हुई।



# धर्मातरण को संरक्षण, कांग्रेस के हिन्दू विरोधी मानसिकता का द्योतक-डॉ चोपड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने प्रदेश में धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मांतरण कराने वालों को संरक्षण देना कांग्रेस सरकार और प्रशासन का हिन्दू विरोधी मानसिकता का परिचायक है। प्रदेश की गरीब जनता व आदिवासियों को धन का प्रलोभन देकर उनके पैतृक धर्म को छोड़कर अन्य धर्म अपनाने के लिए बाध्य करना हिन्दू धर्म के प्रति मंशा को स्पष्ट करता है। प्रदेश में लगातार धर्मांतरण के कारण आज हिंदुओं के मन में आक्रोश की भावना जागृत है। जिससे अब उन पर अंकुश लगाने के लिए अनेक संगठनों ने नींव रख दी है। डॉ चोपड़ा ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों के वोट के लिए हिन्दू समाज की बलि तक देने तैयार है। धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए शासन प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया।

# भगवान कृष्ण पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरक्षक के खिलाफ यदुवंशीयों ने सौंपा ज्ञापन

कहा निलंबन ही पर्याप्त नहीं कानूनी कार्यवाही होनी चाहिये



जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन सोशल मीडिया पर राजनांदगांव में पदस्थ आरक्षक महेन्द्र बसोड ने भगवान के द्वापरी अवतार श्री कृष्ण पर अभद्र टिप्पणी किया था। जिसे लेकर यादव समाज में भारी आक्रोश है। हालांकि इस मामले पर राजनांदगांव के हिन्दु संगठन और यादव समाज के भारी विरोध के बाद विभाग ने उसे निलंबित कर दिया है पर यादव समाज इस कारवाई को लेकर संतुष्ट नहीं है। यादव समाज का कहना है धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे लोगों पर कठोर कारवाई होनी चाहिये। 29 अगस्त को देवभोग चारगढ़ सर्व यादव समाज के एक प्रतिनिधि मण्डल ने स्थानीय थाने में कड़ी करवाई करने को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश के महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गये ज्ञापन में सर्वयादव समाज ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुखत: सर्व यादव समाज के धनमति यादव सुशील यादव देवेन्द्र यादव, रूपचंद यादव,त्रिनाथ यादव,महेन्द्र यादव सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सोशल मिडिया का गलत उपयोग आखिर क्यो

यादव समाज के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता केनुराम यादव जिला पंचायत सदस्य धनमति यादव ने कहा सोशल मीडिया के उद्देश्य को भुलकर लोग भावना को ठेस पहुंचाने वाले पोस्ट कर रहे है ऐस लोगो पर सख्त कारवाई की आवश्यकता है। आये दिन हिन्दु देवी देवताओं को लेकर गलत टिप्पणी करने से आक्रोश बढ रहे है। वही राजनांदगांव के पोस्ट को लेकर की गयी निलंबन से भी समाज संतुष्ट नही है। अगर मामले पर गिरफ्तारी नहीं तो यादव समाज आंदोलन का राह अपनायेगा।

# राजीव युवा मितान क्लब के गठन से गांव के युवा रचनात्मक गतिविधियों की ओर हो रहे प्रेरित- विधायक आशीष छाबड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पतोरा एवं ग्राम पंचायत पारपोडा में राजीव युवा मितान क्लब द्वारा आयोजित तीजा तिहार खेल महोत्सव में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल सर्वप्रथम मां सरस्वती की शैलचित्र में माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर किए कार्यक्रम का शुभारभ इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के साथियों के द्वारा तीजा तिहार के अवसर पर खेल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे कबड्डी,खोदृखो, कुर्सी दौड़,मटकी फ ोड़, फ ुगड़ी,नारियल फेक,चम्मस दौड़, तितंगी दौड़,घड़ी दौड़, सुई धागा दौड़,डांस आदि खेलो का आयोजन किया गया। हमारी संस्कृति में तीजा उत्सव का बड़ा महत्व है। तीजा का तिहार हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है। छत्तीसगढ़ में हरेली,पोरा और तीजा को परंपरागत रूप से मनाया जाने वाला पर्व है। पहले इन त्योहारों में सार्वजनिक अवकाश नहीं था। प्रदेश में जब से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है। तब से प्रदश के यशस्वी मुख्यमंत्री मान.भूपेश बघेल के द्वारा प्रत्येक तिहार में अवकाश दिए जा रहे है। जिससे प्रदेशवासियों में उल्लास का माहौल है प्रदेश में जब से यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बने है तब से प्रदेश की खुशहाली, एकजुटता, विकास हमारी बोली भाखा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। पूरे विश्व में प्रसिद्ध हमारे भारत की सस्कृति है,देश में हमारे छत्तीसगढ़ की सस्कृति की अलग ही पहचान है छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है,छत्तीसगढ़ की पहचान न केवल भारत वर्ष में अपितु विदेशो में भी है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मान,भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के संस्कृति और परंपरा को प्रदेश के आमजनमानस के भावना को समझते हुए हरेली त्यौहार,तीजा पोला तिहार,गौठान दिवस जैसे तिहार को अपने निवास में बड़े स्वरूप में आयोजन कर रहे है प्रदेश के प्रत्येक गांव-गांव राजीव युवा मितान क्लब गठन का उद्देश्य राज्य की युवा प्रतिभाओं को तराशना, उन्हें संगठित करते हुए उपयुक्त मंच प्रदान करना तथा उनकी ऊर्जा का उपयोग नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में करना है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के युवा भारत के सपने को साकार करने इस योजना शुरुआत की है। युवाओं के माध्यम से छतीसगढ़ की संस्कृति, पर्यावरण, खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने व लोगों को इसका लाभ दिलाने में मदद मिल रही है, कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी परंपराओं और संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ रही है। गावों में राजीव युवा मितान क्लब गठित होने से गांव के युवा रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित हो रहे हैं,सामाजिक जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा प्रयास विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हएराजीव युवा मितान क्लब गठन की योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को संगठित कर उन्हें रचनात्मक कार्यों से जोड़ना है।

वहीं उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल और सेवाभाव से काम करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा प्रदेश के विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्राप्त कर लोक सहभागिता सुनिश्चित करने और सृजनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाना है। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास में मदद मिल रही हैएक्लब के माध्यम से कौशल विकास की गतिविधियां भी संचालित हो रही है,राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में जनसरोकार के सभी आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं। आम लोगों पर केन्द्रित शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। गांव और शहरों में लोगों की सुविधा के लिए सभी जरूरी विकास कार्य किए जा रहे हैं राज्य सरकार पुरखो के बताए रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संजोने का काम कर रही हैं। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्राचीन परंपरा को नरवा, गरवा, घुरवा और बड़ी जैसे महत्त्वपूर्ण योजना के जरिए सहेजा जा रहा है। प्रदेश सरकार हमारी संस्कृति को बचाने के लिए हरेली की छुट्टी, तीजा की छुट्टी,राजिम माता भक्त मां कर्मा जयंती और छठ पूजा जैसे त्योहारों की छुट्टियां देने का निर्णय लिया। प्रदेश सरकार सामाजिक समरसता के साथ सभी लोगों का निरंतर विकास करने का प्रयास कर रही हैं,विभिन्न खेल खोदृखो, कुर्सी दौड़, मटकी फ ोड़, बोरा दौड़, सहित विभिन्न खोलो का आयोजन किया गया। खेलो में विजयी प्रतिभागियों का सम्मान किया गया।

एक नजर

केबीसी

## सांवली सूरत पर लड़कियां होती हैं शर्मिंदा, सुनकर हैरान हुए अमिताभ, पूछा- मेरी स्किन कैसी है?



**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 14 के लेटेस्ट एपिसोड में केरला की डॉ. अनु वर्गीस को हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला. डॉ. अनु वर्गीस उम्दा खेल खेलते हुए 1 करोड़ के सवाल तक पहुंच गई थीं. डॉक्टर साहिबा के गेम से अमिताभ बच्चन काफी प्रभावित नजर आये. हमेशा की तरह शो पर आये कंटेस्टेंट और बिग बी के बीच काफी बातें भी हुईं. बच्चन साहब से बात करते हुए अनु वर्गीस ने एक बेहद निराश करने वाली बात शेयर की. वो बताती हैं कि आज भी उनके पास कई मरीज स्किन का कलर चेंज कराने के लिये आते हैं.

### महिलाओं को किया जाता है परेशान

40 साल की डॉ. अनु वर्गीस केरला के त्रिशूर की रहने वाली हैं. वो एक त्वचा विशेषज्ञ हैं. अमिताभ बच्चन से बात करते हुए अनु वर्गीस बताती हैं कि आज भी महिलाओं को उनकी डार्क स्किन के लिये टॉर्चर किया जाता है. अनु वर्गीस, बिग बी से बताती हैं कि उनके पास कई ऐसे पेशंट आते हैं, जो पूरी तरह से ठीक होते हैं. बस अपनी डार्क स्किन की लेकर परेशान होते हैं. इस मुद्दे पर आगे बात करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी एक पेशंट को डार्क स्किन के लिये उसका पति काफी शर्मिंदा करता था. वो कहती हैं कि उनके पास ऐसे बहुत सारे मरीज अपनी स्किन का रंग बदलने के लिये आते हैं. पर असल में उन्हें काउंसलिंग की जरूरत है.

# मलाइका अरोड़ा ने 48 साल की उम्र में दिखाया बोल्ड अवतार

**मलाइका** अरोड़ा की ऊप्स मोमेंट का शिकार होने के बाद नई तस्वीरें सामने आई है, इन तस्वीरों में एक्ट्रेस पहले से भी ज्यादा बोल्ड लग रही है। अरबाज खान की एक्स वाइफ मलाइका अरोड़ा इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई है। वो एक के बाद एक बोल्ड अवतार दिखा रही है। उनकी अभी हाल ही में ब्लैक टॉप वाली तस्वीरें वायरल हुई थी, जिसमें वो ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गई थी। अब इसी बीच मलाइका एक ऐसी ड्रेस पहनकर सामने आ गई है, जिसे देखने के बाद हर कोई हैरान नजर आ रहा है। मलाइका की इन वायरल हो रही तस्वीरों में फ्रंट ओपन ड्रेस पहने हुए नजर आ रही है। उनकी इन तस्वीरों ने आते ही सोशल मीडिया हिला दिया है। तो चलिए देखते है ये तस्वीरें।

मलाइका अरोड़ा इन तस्वीरों में येलो कलर की बोल्ड ड्रेस पहने हुए नजर आ रही है। इन की इस ड्रेस को देखने के बाद कई लोगों का दिमाग घूम गया है।ह्वद्बश ऋद्भुस्र - गर्लफ्रेंड स्र्ड्डद्यड्डद्बद्मड्ड-ह्यश्रह्ड्ड से शादी के सवाल पर भड़के-ह्न्द्रह्लठ्ठचड्डश्चश्रह्न, कहा %मैं एक ही जवाब बार-बार देकर थक गया हूं...' मलाइका अरोड़ा इस तस्वीर में अपने टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही है। उनकी ये तस्वीरें खूब वायरल हो रही है। -ह्वद्बश ऋद्भुस्र -ह्न्द्रह्लठ्ठचड्डश्चश्रह्न ने साधा नई नवेली हीरोइन-ठ्ठड्डठ्ठ4ड्ड क्चद्धठ्ठस्रड्ड4 पर निशाना, इंस्टाग्राम की पोस्ट पर दे दिया ऐसा कमेंट

मलाइका अरोड़ा इन तस्वीरों में अदाएं दिखाती हुई नजर आ रही है, जो फैंस को काफी पसंद भी आ रही है।ह्वद्बश ऋद्भुस्र - अर्जुन कपूर के जन्मदिन के मौके पर कथित गर्लफ्रेंड मलाइका अरोड़ा ने शेयर की प्यारी तस्वीर, लिखा %सनशाइन...%

मलाइका अरोड़ा की ये वायरल हो रही तस्वीर फैंस का दिल लूट रही है। फैंस इस तस्वीर को खूब शेयर कर रहे है।ह्वद्बश ऋद्भुस्र - कोरोना वायरस का कहर मलाइका अरोड़ा से नहीं हो रहा बर्दास्त, कहा %कोई वैक्सीन निकल दो भाई वरना जवानी...%

मलाइका अरोड़ा की इन तस्वीरों को देखने के बाद कोई नहीं कह सकता है कि वो 48 साल की हो गई है।



# दिशा पाटनी संग ब्रेकअप के बाद श्रद्धा कपूर के लिए धड़का टाइगर का दिल?



**नई दिल्ली।** टाइगर श्रॉफ बॉलीवुड के मोस्ट एलिजिबल बैचलर हैं. दिशा पाटनी संग ब्रेकअप के बाद टाइगर अपने सिंगल स्टेटस को एन्जॉय कर रहे हैं. टाइगर ने अपने लिए नए पार्टनर की तलाश भी शुरू कर दी है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि दिशा संग अलग होने के बाद टाइगर का दिल एक दूसरी एक्ट्रेस पर आ गया है. जानना नहीं चाहेंगे, कौन हैं वो?

### टाइगर को पसंद है ये एक्ट्रेस

टाइगर श्रॉफ करण जौहर के स्पाइसी शो कॉफी विद करण में नजर आने वाले हैं. कॉफी विद करण के काउच पर टाइगर श्रॉफ अपनी लव लाइफ को लेकर कई खुलासे करते दिखेंगे. करण जौहर के शो में टाइगर ने फाइनली अपने रिलेशनशिप स्टेटस को भी क्लियर कर दिया है. टाइगर ने शो में बताया कि वो इस समय सिंगल हैं. टाइगर ने शो में यह भी खुलासा किया वो बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर को पसंद करते हैं और उनके प्रति अट्रैक्टेड फील करते हैं. टाइगर ने कहा- मैं सिंगल हूं. मैं तो ऐसा सोचता हूं. मैं किसी की तलाश कर रहा हूं. टाइगर यहीं तक नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा- मैं हमेशा से श्रद्धा कपूर की तरफ अट्रैक्टेड रहा हूं. मुझे लगता है कि वो शानदार हैं. टाइगर श्रॉफ ने करण जौहर के शो में इतना तो साफ कर दिया है कि वो और दिशा पाटनी अब अपनी राहें अलग कर चुके हैं. टाइगर अब अपनी जिंदगी में मूव ऑन करने की कोशिश कर रहे हैं.

### इस फिल्म में दिखेंगे टाइगर

टाइगर श्रॉफ के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्टर ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है. टाइगर श्रॉफ ने साल 2014 में हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. वे जल्द ही फिल्म गणपथ में दिखाई देने वाले हैं. इस फिल्म में टाइगर के साथ कृति सेनन लीड रोल में दिखेंगी. अमिताभ बच्चन भी फिल्म में कैमियो करते दिखेंगे.

## फिल्म फ्लॉप होने का नुकसान झेल रहे मेकर्स के लिए आमिर खान बने फरिश्ता



**बॉलीवुड** अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा के खराब प्रदर्शन को लेकर काफी निराश हैं। 11 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म से अभिनेता और इसके मेकर्स को काफी उम्मीदें थीं। हालांकि, यह फिल्म उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई। हालांकि, फिल्म ने विदेशों में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया। बड़े बजट से बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 60 के ऊपर की कमाई भी नहीं पाई। ऐसे में अब बुरे वक्त से गुजर रही इस फिल्म के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, घाटे का सौदा साबित हुई इस फिल्म के मेकर्स के लिए अभिनेता आमिर खान फरिश्ता बनकर सामने आए। फिल्म की नाकामी के बाद अब एक्टर ने फिल्म के निर्माता, वायकॉम 18 स्टूडियोज के लिए एक बड़ा फैसला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक लाल सिंह चड्ढा के फ्लॉप होने के बाद अब आमिर अपनी एक्टिंग फीस छोड़ने का फैसला किया है। इतना ही नहीं आमिर ने फिल्म को लेकर हुए सभी नुकसानों की भरपाई करने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार एक करीबी सूत्र ने इस बारे में बताया कि, अगर आमिर खान अपनी एक्टिंग फीस लेते हैं तो वायकॉम 18 स्टूडियोज को लगभग 100 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

खेल

## कपिल देव का दावा- विराट कोहली को अब फॉर्म में वापस आने में ज्यादा समय नहीं लगेगा



**चंडीगढ़।** महान भारतीय क्रिकेटर कपिल देव ने कहा है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एशिया कप 2022 के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी वापसी पर अच्छे दिखे और उन्हें फॉर्म में वापस आने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। भारत ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत की और पहले मैच को पांच विकेट से जीत लिया। विराट कोहली और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भारत के लिए शीर्ष स्कोरर थे, क्योंकि उन्होंने 34 गेंदों में 35 रन बनाए थे। एएनआई को दिए इंटरव्यू में कपिल देव ने कहा, फ्रउन्हें कमबैक करते देखना अच्छा है। मैंने कुछ शॉट्स देखे, जहां उन्होंने वास्तव में प्रभाव डाला। मैं बस इतना चाहता हूं कि वह इसके बारे में और अधिक सुनिश्चित हों। अब तक वह वापसी में अच्छे लग रहे थे। पहले ओवर में वह भाग्यशाली रहे जब उनका कैच छूटा। मुझे उनका रवैया न केवल आज, बल्कि पिछले दस वर्षों से पसंद है। यह उन्हें किसी और से बड़ा खिलाड़ी बनाता है। यह पूछे जाने पर कि विराट अपनी आलोचना से कैसे उबर सकते हैं, महान भारतीय ऑलराउंडर ने कहा कि विराट को समझना चाहिए कि वह अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

एशिया कप के दूसरे मैच में

# भारत के इन 4 खिलाड़ियों की हो सकती है अदला-बदली

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 की शुरुआत भारतीय टीम ने जीत के साथ की थी और आज यानी 31 अगस्त को भारत को अपना दूसरा मुकाबला हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ खेलना है। हॉन्ग कॉन्ग की टीम का इस टूर्नामेंट में ये पहला मैच है। भारत की निगाहें हॉन्ग कॉन्ग को हराकर सुपर 4 में जगह पक्की करने पर होंगी और एशिया कप 2022 क्वालीफायर की विजेता टीम सुपर 4 की रेस में बने रहने के लिए मुकाबला जीतना चाहेगी। ऐसे में ये मैच रोमांचक होगा और आप इस मुकाबले से पहले जान लीजिए कि कौन किस प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकता है।



भारतीय क्रिकेट टीम की संभावित प्लेइंग इलेवन की बात करें तो टीम बिना किसी बदलाव के उतर सकती है, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा उस गलती को दोहराने से बचेंगे, जो टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ की थी। स्लो ओवर रेट के कारण टीम को एक अतिरिक्त खिलाड़ी को 30 गज के दायरे में रखना पड़ा था। ऐसे में आवेश खान की जगह आर अश्विन को मौका मिल सकता है। वहीं, ऋषभ पंत दिनेश कार्तिक की जगह खेल सकते हैं।

### भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रविंद्र जडेजा, दिनेश कार्तिक/ऋषभ पंत (विकेटकीपर), भुवनेश्वर कुमार, अवेश खान/आर अश्विन, युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह

## हार्दिक पंड्या की तारीफ कर बुरे फंसे आमिर, पाकिस्तान में खूब पड़ी गालियां



**भारतीय** टीम से हार से तिलमिलाए पाकिस्तान क्रिकेट टीम के फैंस अपने खिलाड़ियों को खूब बुराभला कहे हैं। ट्रोल्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके अपने पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद आमिर तक को नहीं बख्शा। भारत की जीत के हीरो रहे हार्दिक पंड्या को आमिर ने ट्विटर पर बधाई क्या कि पाकिस्तानी फैंस के सीने पर सांप लोढ़ने लगा। न केवल उन्होंने रिप्लाय करते हुए गालियां दीं, बल्कि भाषा ही हर सीमा तोड़ दी। दरअसल, हार्दिक पंड्या ने 2018 में एशिया कप के ही खिलाफ लगी चोट के बाद स्ट्रेचर पर पवेलियन लौटने और फिर इस बार पाकिस्तान के ही खिलाफ मैच विनर बनने की तस्वीर को शेयर किया था। दोनों ही मैच में भारत जीता था। इस पर अपना देश छोड़कर इंग्लैंड में रहने को मजबूर आमिर ने ट्विटर पर लिखा- वेल प्लेड ब्रदर... (दमदार खेले भाई)। इसके बाद तो पाकिस्तान में फैंस के दिलों में आग लग गई।

इस पर लोगों ने आमिर को टोल करना शुरू कर दिया। एक महिला यूजर ने लिखा- तुम्हारा दीन, ईमान वाकई नहीं है।

### अफगानिस्तानी स्टार राशिद खान का टी-20 में तूफानी रिकॉर्ड

# टॉप-10 विकेट टेकर में कोई भारतीय नहीं अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान

**शारजाह।** एशिया कप 2022 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है. टीम ने मंगलवार (30 अगस्त) को शारजाह में बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेला, जिसमें 7 विकेट से जीत दर्ज की. इससे पहले अफगानिस्तान ने श्रीलंका को भी करारी शिकस्त दी थी.

इन दोनों मैचों को जीतने के साथ ही अफगानिस्तान टीम ने ग्रुप-4 स्टेज में जगह बना ली है. बांग्लादेश के खिलाफ जीत के दो हीरो रहे. यह स्टार स्पिनर राशिद खान और मुजीब उर रहमान हैं. दोनों ने 3-3 विकेट लिए. इसी के साथ राशिद खान ने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.



राशिद खान टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इस मामले में उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ दिया है. राशिद ने अब तक 68 टी20 मैचों में 115 विकेट लिए हैं. जबकि टिम साउदी के नाम 95 टी20 मैचों में 114 विकेट हैं.

### टी20 इंटरनेशनल- शाकिब सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

वैसे टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में बांग्लादेश के स्पिन ऑलराउंडर शाकिब अल हसन हैं. उन्होंने अब तक 100 मैचों में 122 विकेट लिए हैं. यदि सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट देखें, तो टॉप-10 में कोई भी भारतीय नहीं है. स्पिनर युजवेंद्र चहल सबसे ज्यादा 79 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं, जो ओवरऑल लिस्ट में 15वें नंबर पर काबिज हैं.

शाकिब ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपना 100वां टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था. वह टीम के कप्तान भी हैं. अपने 100वें मैच में शाकिब कुछ खास नहीं कर सके. बैटिंग में उन्होंने 11 रन बनाए, जबकि बॉलिंग में एक ही विकेट ले सके.

## कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**न्यूजीलैंड** के ऑलराउंडर कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है. 36 वर्षीय इस खिलाड़ी ने लगातार चोटिल होते रहने और बढ़ती पारिवारिक जिम्मेदारियों को देखते हुए यह फैसला लिया. हालांकि ग्रैंडहोम फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे. ग्रैंडहोम ने कहा, 'मैं यह स्वीकार करता हूं कि मैं अब फिर से जवान तो हो नहीं रहा और मेरे लिए ट्रेनिंग दिन पर दिन कठिन होती जा रही है, खासकर चोटों की वजह से चीजें मुश्किल हो रही हैं. फिर मेरा परिवार भी है जो धीरे-धीरे बढ़ रहा है. इसलिए अब मैं यह समझना चाह रहा हूं कि मेरा भविष्य क्रिकेट के बाद कैसा नजर आएगा. पिछले कुछ हफ्तों से मेरे दिमाग में बस यही चल रहा था.' ग्रैंडहोम ने कहा, 'मैं किस्मत वाला हूं कि मुझे न्यूजीलैंड की ओर से क्रिकेट खेलने का मौका मिला. 2012 से लेकर अब तक मेरा जो इंटरनेशनल करियर रहा है, उस पर मुझे गर्व है. बस अब मुझे लगा कि यह इस करियर को अलविदा कहने का सबसे सही समय है.'



### ऐसा रहा है इस ऑलराउंडर का करियर

कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने फरवरी 2012 में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था. उन्होंने अपना आखिरी मैच इस साल जून में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था. लॉर्ड्स टेस्ट उनके करियर का आखिरी इंटरनेशनल मैच साबित हुआ. अपने इस 10 साल के करियर में ग्रैंडहोम ने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में हरफनमौला खेल दिखाया. ज्यादातर वक्त चोटिल रहने के चलते ग्रैंडहोम अपने करियर में 29 टेस्ट, 45 वनडे और 41 टी20 इंटरनेशनल ही खेल सके.

# आवारा कुत्तों का आतंक चरम पर, नगरपालिका बीजापुर का उदासीन रवैया, 08 माह में 253 डॉग बाइट के मरीज

बीजापुर। इन दिनों बीजापुर नगर में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है आए दिन किसी ना किसी व्यक्ति को नगर के आवारा कुत्ते अपना शिकार बना रहे है। शनिवार दोपहर घर के बाहर खेल रही दीक्षा कुंजाम चौथी कक्षा की छात्रा को घर के आंगन में एक कुत्ते ने अपना निशाना बनाया।




दीक्षा के मुंह को कुत्ते ने कई जगहों से काटकर नोच डाला, समय रहते परिजन पहुंच गए और बच्ची को बचाया गया, अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। अभी जिला अस्पताल में दीक्षा का इलाज जारी है। नगर पालिका बीजापुर अब तक आवारा कुत्तों के आतंक से बचने की कोई भी सार्थक कार्ययोजना नहीं बना पाई है। अधिकारी उच्चअधिकारियों से चर्चा करके कार्रवाई का हवाला दे रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले माह जनवरी 2022 से अब तक 253 लोगों को आवारा कुत्तों ने अपना निशाना बनाया है। इनसे से सबसे ज्यादा संख्या 10 साल से कम की है जो आवारा आक्रामक कुत्तों का आसान निशाना बन रहे हैं। ज़िला अस्पताल बीजापुर के सिविल सर्जन डॉक्टर अभय प्रताप तोमर ने कहा कि ज़िला अस्पताल बीजापुर में डॉग बाइट से पीड़ित नए मरीज़ माह में औसतन 20-22 आ रहे है जिनका टिकाकरण कर इलाज किया जा रहा है।

ज़िला अस्पताल बीजापुर में डॉग बाइट से पीड़ित बच्ची का इलाज करा रहे बच्ची के पिता मनैया कुंजाम का कहना है कि आवारा कुत्तों का आतंक नगर में बड़ा है मोहल्ले में आवारा कुत्तों का जमावड़ा रहता है नगर पालिका वाले भी हमारे मोहल्ले में नहीं आते है। बीजापुर नगर के व्यापारी एवं समाजसेवी राजू गांधी ने कहा कि ज़रूरी कार्य से बैंक ऑफ़िस और अस्पताल जाना होता है इस दौरान कई बार आवारा कुत्ते सड़क पर चलने वाले लोगों को काटने के लिए दौड़ते रहते है अब भी ज़िला अस्पताल बीजापुर में आवारा कुत्तों के काटने वाले मरीज़ों का इलाज चल रहा है।

इस पूरे मामले में नगर पालिका बीजापुर के मुख्या नगर पालिका अधिकारी (CMO) बी? एल? नुरेटी का कहना है कि "dog bite की जानकारी उन्हें मीडिया से मिली है उच्च अधिकारियों से चर्चा कर अग्रिम कार्यवाही करेंगे। अब देखना ये है कि नगर वासियों को आवारा कुत्तों से निजात कब तक मिलेगी।

# चंदन की तश्करी कर रहे तीन बिलासपुर में पकड़ाए

सरगुजा से खरीद कर बिलासपुर बाइक से आ रहे थे आरोपित

बिलासपुर। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट(एसीसीयू) और रतनपुर पुलिस की टीम ने चंदन की तस्करी कर रहे बाइक सवार मध्य प्रदेश के अनूपपुर निवासी तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।



आरोपित के कब्जे से चंदन की 22 किलो लकड़ी जब्त की गई है। पुलिस ने उनके खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। एसीसीयू के प्रभारी निरीक्षक हरविंदर सिंह को मंगलवार को सूचना मिली कि तीन लोग दो बाइक में पेंड्रा की ओर से चंदन की लकड़ी लेकर आ रहे हैं। तस्करी की आशंका पर उन्होंने एसीसीयू के जवानों को मामले की जांच के निर्देश दिए। वहीं, इसकी जानकारी रतनपुर पुलिस को भी दी गई। एसीसीयू और रतनपुर पुलिस की टीम ने चंदन तस्करों को पकड़ने के लिए पोंड़ी मोड़ के पास घेराबंदी की। मुखबिर के बताए अनुसार पुलिस ने दो बाइक में सवार राजेश पनिका(27) व राहुल पाल(27) निवासी भालूगड़ार थाना बिजुरी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश और ऋषभ जोशी(24) निवासी बेल्हा पसारी थाना भालूमाड़ा जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक गोलमोल जवाब दे रहे थे। कड़ाई करने पर उन्होंने सरगुजा में किसी व्यक्ति से चंदन की लकड़ी खरीदने की जानकारी दी। इसे खपाने के लिए बिलासपुर जा रहे थे। इससे पहले ही पुलिस ने आरोपित युवकों के कब्जे से चंदन की लकड़ी जब्त कर चोरी की कार्रवाई की है।

## एक नजर

# छात्रावास में संपन्न हुई मरार समाज की कैबिनेट बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



मरार समाज नांदगांव राज का कैबिनेट बैठक शीतली नाला स्थित मरार पटेल छात्रा वास में आयोजित किया गया। सर्व प्रथम मां शाकम्भरी की पूजा अर्चना कर गई। तत्पश्चात समाज के सभी पदाधिकारियों का स्वागत सत्कार किया,उसके बाद नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं मरार समाज के जिला अध्यक्ष पवन पटेल को नगर पालिका परिषद महासमुंद में जल विभाग के सभा पति बनाए जाने पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा फुल माला एवं बुके भेट कर सम्मान किया गया उसके पश्चात समाजिक चर्चा में समाज के युवाओं के भागीदारी के संबंध मे विचार किया गया इस पर सभी लोगों ने एक मत से विचार को पारित कर समाज के मुख्य धारा में जोड़ा गया। इस दौरान नांदगांव राज अध्यक्ष तुकाराम पटेल संयोजक, गोविंद राम पटेल, संरक्षक संतराम पटेल, उपाध्यक्ष शिव कुमार पटेल, सचिव,सुंदर पटेल तामेश्वर पटेल, उपाध्यक्ष,बिहारी पटेल, गैंद लाल पटेल,सोहन पटेल, वेदप्रकाश पटेल,कृष्ण कुमार पटेल, डोमार पटेल,सदा राम पटेल, परस राम पटेल, हीरा राम पटेल आदि बैठक मे उपस्थित रहे।

# त्यौहारों एवं सार्वजनिक उत्सवों के आयोजन हेतु नगरीय क्षेत्रों में समुचित व्यवस्था करने निर्देश जारी

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न त्यौहारों एवं सार्वजनिक उत्सवों के आयोजन हेतु नगरीय क्षेत्रों में समुचित व्यवस्था करने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा जनमानस के व्यापक हित एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए आगामी विभिन्न त्यौहारों एवं सार्वजनिक उत्सवों के आयोजन हेतु नगरीय क्षेत्रों में समुचित व्यवस्थाऐं किये जाने के निर्देश दिए गये हैं। निर्देशों के परिपालन में नगरीय निकाय क्षेत्रांतर्गत आगामी तीज, गणेश विसर्जन, दुर्गा पूजा, पितृमोक्ष अमावस्या एवं अन्य त्यौहारों के लिए सार्वजनिक आयोजनों हेतु तालाबों-घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, फागिंग, शुद्ध पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था की जाये। गणेश विसर्जन, दुर्गा पूजा एवं अन्य सार्वजनिक त्यौहारों के अवसर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एवं राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन किया जाये। तालाबों-घाटों पर विसर्जन के पूर्व पूजन सामाग्री को अलग-अलग कर उपयुक्त स्थल पर रखा जाये। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशानुसार नदी में मूर्तियों का विसर्जन किसी भी परिस्थिति में न किया जाये तथा नदी के जल को दूषित होने से बचाया जायें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जावे।

# अस्पताल और स्कूलों के पास डीजे बजाने की है मनाही, अनुशासनहीनता पर खानी पड़ेगी जेल की हवा आदेश जारी

बिलासपुर। डीजे का शोर गंभीर किस्म के मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसके अलावा स्कूलों में पढ़ाई का माहौल भी खराब होता है। डीजे की शोर में शिक्षक क्या पढ़ा रहे हैं, यह बच्चों को पता ही नहीं चलता।।



इसे देखते हुए राज्य शासन ने गणेश पंडालों में डीजे व स्पीकर बजाने के लिए मापदंड तय कर दिए हैं। 60 डेसीबल से ज्यादा की आवाज में डीजे बजाने की मनाही कर दी है। आदेश का उल्लंघन करने और शिकायत मिलने की स्थिति में कार्रवाई का निर्देश जारी किए हैं।

प्रदेशभर के कलेक्टरों को पत्र लिखकर जरूरी गाइडलाइन जारी की गई है। गणेश पंडाल में रात 10 बजे तक निर्धारित आवाज के साथ डीजे या स्पीकर या फिर साउंड बाक्स बजाने की छूट दी गई है। स्कूल और अस्पताल के आसपास इस पर कड़ाई बरतने के निर्देश हैं। 60 डेसीबल से अधिक आवाज में डीजे बजाने की मनाही कर दी गई है। कोरोना संक्रमण के दो साल बाद हो रहे गणेशोत्सव को लेकर समितियों के साथ ही शहरवासियों और ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है।

इस बार राज्य शासन ने प्रतिमाओं की ऊंचाई और पंडाल को लेकर पूर्व में जारी निर्देशों को शिथिल कर दिया है। समितियां को छूट दे दी गई है कि वे अपनी सुविधा के अनुसार मूर्ति स्थापित कर सकेंगे और पंडाल बना सकेंगे। माना जा रहा है कि इस बार समितियों में झांकी भी नजर आएंगी। हालांकि इसमें अभी समय है। तीन दिन बाद ही समितियों के पंडाल में आकर्षक झांकी बनेगी।

### समितियां भी बरत रहीं सावधानी

जिला प्रशासन के निर्देशों को लेकर गणेशोत्सव समितियां अभी से सावधानी बरतने लगी हैं। गणेश पंडाल में साउंड सिस्टम लगाए जा रहे हैं। अधिकांश पंडालों में साउंड बाक्स लगाने की योजना समिति के पदाधिकारियों ने बनाई है। शाम के वक्त पंडाल में आरती पूजन के बाद भजन के लिए स्पीकर बजाएंगे। रात 10 बजे तक साउंड सिस्टम बजाने की छूट रहेगी।

### बैंड, डीजे व धुमाल संचालकों को मिलेगी राहत

*गणेश विसर्जन के दौरान दो साल बाद बैंड के अलावा डीजे व धुमाल संचालकों को राहत मिलेगी। संचालक उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस बार गणेशोत्सव के अलावा दुर्गा पूजा के दौरान उनका धंधा अच्छा चलेगा।*

# शराब पीकर नहा रहे युवक की तालाब में डुबने से मौत

घंटों की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया शव

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।


शराब के नशे में मदहोश होकर तालाब में नहाने गए युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना जिले के सांकरा थाना अंतर्गत ग्राम भगत देवरी की है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस व गोताखोरों ने रेस्क्यू कर मशक्कत के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला। सांकरा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। थाना प्रभारी इंद्र भूषण सिंह द्वारा बताया गया है किए ग्राम भगत देवरी निवासी 19 वर्षीय विकास भोई पिता सनातन भोई सुबह 7 बजे नहाने के लिए गांव के केवंटा तालाब गया था उस वक्त वह शराब के नशे में था। नहाते हुए वह गहरे पानी में जाकर डूब गया। जब तालाब में नहा रहे अन्य लोगों ने देखा कि घाट पर कपड़ा पड़ा है और विकास नदारद है तब उन्हें विकास के डूबने का शक हुआ। पश्चात घटना की सूचना पुलिस को दी गईए सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को तालाब से बाहर निकालने के लिए गोताखोरों की टीम को तलब किया नगर सैनिकों की टीम भी आई और घंटों की मशक्कत के बाद सब को तालाब से बाहर निकाला गया।

# एनएमडीसी में जमीन विस्थापन से मिले सेवाकाल में हुई अकाल मृत्यु पर अनुकंपा नियुक्ति की मांग

जनपद उपाध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने लिखा केन्द्रीय मंत्री को पत्र

**जगदलपुर।** जनपद पंचायत जगदलपुर के उपाध्यक्ष व भाजपा के नगरनार मण्डल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने केन्द्रीय इस्पात मन्त्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व केन्द्रीय राज्य मन्त्री फगन सिन्ह कुलस्ते पत्र के माध्यम से लिखा।

छत्तीसगढ के बस्तर जिले के नगरनार क्षेत्र के लोगों ने NMDC के के स्टील प्लांट हेतु अल्पविरोध के पश्चात अपनी पूरखो की जमीन देना स्वीकार किया। NMDC नगरनार मे अनुकम्पा नियुक्ति की पात्रता नही है।मेरा आपसे निवेदन है कि प्लांट के निर्माण के लिए जिन्होने अपनी जमीन दी व जिनकी नियुक्ति साधारण योग्यता के तहत ना होकर,भू - विस्थापन के तहत प्राप्त हुआ था।अगर ऐसे किसी कर्मचारी की अकाल मृत्यु हो जाने पर मानवीय द्रष्टि कोण रखते हुऐ। यदि पुनर्वास नीति मे अनुकम्पा नियुक्ति शामिल ना होने पर भी बस्तर जिले के एन एम डी सी प्लांट मे भूपेश - विस्थापन से प्राप्त सेवा काल मे अकाल मृत्यु होने पर शेष बचे सेवाकाल हेतु पिडित परिवार को अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाना वर्तमान सरकार एवं आपका अनुपम कदम होगा। जिसके लिए बस्तर वासी आपके आभारी रहेंगे।


क्षेत्र क्रमांक 05
माडपाल, खुटपदर, खमारगांव
मो. 9993402728
7974372976

सुब्रतो विश्वास
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत जगदलपुर
भाजपा मंडल अध्यक्ष, नगरनार

निवास - ओरना कॉलोनी आड़ावाल, जगदलपुर, बस्तर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक ९ दिनांक

प्रति,
मा. ज्योतिरादित्य सिंधिया जी
केन्द्रीय इस्पात मंत्री
भारत सरकार

विषय :- NMDC स्टील प्लांट भू-विस्थापन से प्राप्त सेवा अवधि में अकाल मृत्यु होने पर शेष सेवाकाल हेतु अनुकम्पा नियुक्ति देने बाबत,

आदरणीय मन्त्री महोदय,

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नगरनार क्षेत्र के लोगो ने NMDC के स्टील प्लांट हेतु अल्पविरोध के पश्चात अपनी अपनी पुरखो की जमीन देना स्वीकार किया,

NMDC नगरनार में अनुकम्पा नियुक्ति की पात्रता नही है। मेरा आपसे निवेदन है कि NMDC नगरनार के प्लांट हेतु जिन्होने जमीन दी व जिनकी नियुक्ति साधारण योग्यता के तहत ना होकर भू- विस्थापन के तहत प्राप्त हुआ था, ऐसे किसी कर्मचारी की अकाल मृत्यु हो जाने पर मानवीय दृष्टिकोण रखते हुऐ,


यदि पुनर्वास नीति में अनुकम्पा नियुक्ति शामिल ना होने पर भी बस्तर जिले के NMDC प्लांट में भूविस्थापन से प्राप्त सेवा हेतु अकाल मृत्यु होने पर शेष बचे सेवाकाल हेतु पिड़ित परिवार को अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाना वर्तमान सरकार एवं आपका अनुपम कदम होगा,

धन्यवाद

सुब्रतो विश्वास
उपाध्यक्ष जनपद जगदलपुर

# हुल्लड़बाज पुलिसवाला सस्पेंड, कारोबारी की शिकायत पर रायपुर SSP ने की कार्रवाई ?

**रायपुर।** राजधानी में होटल कारोबारी से मोबाइल लूट और उगाही का मामला सामने आया है. ये लूट और उगाही किसी बदमाश ने नहीं की है. इस वारदात को नशे में धुत होकर एक आरक्षक ने अंजाम दिया है. हालांकि घटना के बाद तत्काल प्रभाव से आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है. बता दें कि, मंगलवार देर रात आमानाका इलाके में स्थित डॉलफिन विला नामक फार्म हाउस में भाजपा नेता नरेश नामदेव के जन्मदिन की पार्टी चल रही थी, इसी दौरान वहां आरक्षक प्रशांत शुक्ला ने पहुंच हुल्लड़बाजी चालू की. नशे में धुत इस पुलिसकर्मी को होटल कारोबारी पुलकित मित्तल ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने से रोका और पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाने लगा तो आरक्षक शुक्ला ने अपने सहयोगी भाजपा नेताओं के साथ पहले तो कारोबारी मित्तल से गाली-गलौच करते हुए मारपीट की फिर वीडियो सबूत के तौर पर कहीं पेश ना हो, इसलिए कारोबारी से मोबाइल लूटकर फेंक दिया था. यह खबर अभी-अभी ब्रेक हुई है. इस खबर को हम अपडेट कर रहे हैं. हमारी कोशिश है कि आपके पास सबसे पहले जानकारी पहुंचे. इसलिए आपसे अनुरोध है कि सभी बड़े अपडेट्स जानने के लिए इस पेज को रीफ्रेश कर लें. साथ ही हमारी अन्य स्टोरी पढ़ने के लिए देखते रहे जनता से रिश्त।


-:: कार्यालय उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला रायपुर (छ.ग.) ::-

// आदेश //

रक्षित केन्द्र रायपुर में पदस्थ आरक्षक 2584 प्रशांत शुक्ला के विरूद्ध में दिनांक 30.08.2022 रात्रि में आमानाका थाना क्षेत्र में स्थित डाल्फिन विला फार्महाउस में नशे की हालत में जाकर हुल्लड़बाजी, गाली-गलौच एवं मारपीट करने तथा मोबाईल छीनकर फेंकने की शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त कृत्य पुलिस की छवि धूमिल करने एवं कदाचरण संबंधी होने से आरक्षक 2584 प्रशांत शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

(प्रशांत अग्रवाल)
पुलिस उप महानिरीक्षक
एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जिला रायपुर
दिनांक- 31/08/2022

क्रमांक- उमनि/वपुअ/राय/स्टेनो-01/निलं/ 09 /22
प्रतिलिपि :-
01. नगर पुलिस अधीक्षक, आजाद चौक को सूचनार्थ एवं शिकायत आवेदन संलग्न कर प्रकरण में प्राथमिक जांच कार्यवाही कर जांच प्रतिवेदन 05 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने हेतु।
02. रक्षित निरीक्षक रायपुर को सूचनार्थ एवं ओ0बी0 हेतु।
03. मुख्य लिपिक/ स्थापना/ एस0आर0सी0 /वेतन 01 एवं 02/आकिक वेतन/ भत्ता/ अवकाश/ फण्ड लिपिक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. आरक्षक 2584 प्रशांत शुक्ला को रक्षित निरीक्षक माध्यम से सूचनार्थ एवं तामीली कर पावती हेतु।

31.08.22
पुलिस उप महानिरीक्षक
एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जिला रायपुर

# कांग्रेस ने कमरतोड़ महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के उदासीनता के प्रति व्यक्त की तीखी प्रतिक्रिया

जगदलपुर। केंद्र सरकार की गलत नीतियों से बढ़ती महंगाई को लेकर राजीव भवन जगदलपुर में प्रेसवार्ता कर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष राजीव शर्मा, विधायक रेखचन्द जैन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर कहा कि आज देश में महंगाई की मार है, नौजवान बेरोजगार है, देश की सीमा पर हो रहा प्रहार है।



आम जनता का जीएसटी से जीना दुस्वार है, आत्महत्या करने को किसान लाचार है, निकम्मी केंद्र की सरकार है, भारत की आर्थिक स्थिति खराब है, रुपये का अवमूल्यन हो रहा है। भारत में महंगाई और बेरोजगारी के लिए मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियां जिम्मेदार हैं केंद्र की मोदी सरकार ने भारत की जनता को महंगाई और बेरोजगारी से मुक्त भविष्य का सपना दिखाया था आज उन्होंने लोगों को रिकॉर्ड तोड़ मूल्य वृद्धि और 45 वर्षों में सबसे अधिक बेरोजगारी की भयावह स्थिति में डाल दिया है कांग्रेस इस कठिन समय में जनता के साथ खड़ी है संसद से सड़क तक कांग्रेस मोदी सरकार की अक्षमता और उन दिशाहीन नीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई है जिनके कारण महंगाई और बेरोजगारी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है जून 2021 से अब तक कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन और जन जागरण कार्यक्रम आयोजित कर मोदी सरकार का ध्यान आकर्षित करवाया बावजूद इस ज्वलन्त व गंभीर विषय पर कोई चिंतन मनन नहीं किया जाना इनकी उदासीनता को दर्शाता है नेताद्वय ने कहा कि आगामी 4 सितंबर को राजधानी दिल्ली में महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल रैली आयोजित है।

# फेसबुक में दोस्ती कर युवती के साथ किया दुष्कर्म, अब वीडियो बनाकर युवती को कर रहा है ब्लैकमेल

बिलासपुर। राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाली 38 वर्षीय महिला ने दुष्कर्म की शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से पंजाब के पंचकुला में रहने वाले युवक से हुई थी।



इसके बाद उसने मिलने के बहाने बिलासपुर बुलाकर दुष्कर्म का वीडियो बना लिया है। इसके माध्यम से वह ब्लैकमेल कर रहा है। मामले की जांच तारबाहर पुलिस कर रही है।

राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाली 38 वर्षीय महिला का फेसबुक के माध्यम से पंजाब के पंचकुला में रहने वाले संदीप यादव से दोस्ती हुई थी। युवक ने 2019 में उसे मिलने के लिए तारबाहर क्षेत्र के एक होटल में बुलाया था। यहां पर उसने प्यार की बात कहते हुए महिला से शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वह लौट गया। दूसरी बार उसने महिला से तारबाहर क्षेत्र स्थित होटल में शारीरिक संबंध बनाते हुए वीडियो बना लिया। इसके बाद दोनों के बीच अनबन हो गई।

महिला अब दूसरी जगह शादी करना चाहती है। इस युवक ने शादी करने के बाद भी मिलने के लिए दबाव बना रहा है। मना करने पर वह वीडियो का प्रसारित करने की धमकी दे रहा है। महिला ने मामले की शिकायत खैरागढ़ थाने में की। इस पर पुलिस ने शून्य में मामला दर्ज कर तारबाहर थाने भेज दिया। डायरी मिलने पर तारबाहर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित युवक की तलाश कर रही है।

### ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर तोड़ा रिश्ता

*युवती ने पुलिस को बताया कि बिलासपुर में मिलने के लिए बुलाकर संदीप ने शारीरिक संबंध बनाया। इसका उसने वीडियो बना लिया था। वीडियो को प्रसारित करने की धमकी देकर वह ब्लैकमेल करने लगा था। उसकी हरकत से तंग आकर युवती ने संबंध तोड़ लिया था। इसके बाद भी वह लगातार परेशान कर रहा था।*

# स्कूल सफाई कर्मचारियों ने ठुकराया 300 मानदेय

## बढ़ोतरी किया था उसे स्कूल सफाई कर्मचारियों ने किया अस्वीकार







जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सारंगढ़ छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ पंजीयन क्रमांक 3769 रायगढ़ जिला सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बुगलाल निराला से भेंट मुलाकात कर उनसे जानकारी प्राप्त हुआ और उनसे सवाल किया गया कि क्या आप 300 में खुश हैं कुल मिलाकर आपको 26 सौ रुपया दिया जाएगा महीने में इससे क्या आपका घर परिवार चल सकता है।

इस महंगाई के जमाने में तो उन्होंने बताया एक गीत के माध्यम से बताते हुए कहा मांग पुरा करहीयूं कैके ठगदारे काका मांग पूरा कर ही यूं कैके ठगदारे काका शासन प्रशासन से पूछना चाहा कि क्या आप लोगों का 2026 सौ में किसी का घर परिवार चल सकता है क्या, इस महंगाई के जमाने में स्कूल सफाई कर्मचारियों को ठगा गया है स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जो समिति गठित किया गया था वह समिति समिति नहीं कॉमेडी बन गया प्रस्ताव में रिपोर्ट में केवल 300 बढ़ोतरी का किया जा रहा मुख्यमंत्री द्वारा तीजा पोरा के उपहार में 300 से तो सामग्री भी नहीं आएगा ढंग से त्यौहार भी नहीं मना पाएंगे अगर मनाना चाहेंगे तो हमारे प्रदेश पदाधिकारियों ने जिला पदाधिकारियों ने ब्लॉक पदाधिकारियों ने समस्त संगठन ने इसका घोर विरोध किया। संगठन के माध्यम से वर्चुअल गूगल मीट का मीटिंग का आयोजन किया गया सर्वसम्मति से यह निर्णय लेते हुए कि 300 अस्वीकार करते हुए उनको प्रदेश पदाधिकारियों के द्वारा आवेदन ज्ञापन सौंपा जाएगा। और समस्त कर्मचारियों में आक्रोश है सरकार के प्रति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू ने वीडियो जारी कर बताया एवं प्रदेश सचिव ने कहा गुहार किया अभी समय है पुन:विचार करें कर कर निवेदन किया गया और प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा इसका खंडन किया गया हमारा केवल एक ही मुख्य मांग है अंशकालीन से पूर्ण कालीन अभी गांव देहातों में कहीं पर भी आप जाइए देखिए मनरेगा में भी 204 का बढ़ोतरी किया गया है मजदूरी दर वह भी नहीं मिल पा रहा है। स्कूल सफाई कर्मचारियों को एक मनरेगा मजदूर की निचले स्तर का समझ रहा है सरकार 300 देकर जले हुए पर नमक छिड़क रही है सरकार, सरकार कर्मचारियों के साथ शोषण कर रहा है। प्रदेश भर के समस्त कर्मचारी संगठनों ने भी आंदोलन हड़ताल कर रहे हैं उन पर भी तनिक भी ध्यान दिया नहीं जा रहा है सरकार के द्वारा आंख,कान,नाक,पूरा बंद कर लिया गया है सोचा जाए या विचार किया जाए कि इस मुद्दे पर अगर कार्यवाही नहीं होता है उनकी मांगों पर तो आगे भविष्य में गंभीर इसके परिणाम देखने को मिलेगा एस्कूल सफाई कर्मचारियों को 12 साल सेवा करने के बावजूद भी सरकार स्कूल सफाई कर्मचारियों को स्कूल खोलने के लिए 10 बजे जाते हैं व्यवस्था पाली अनुसार लगभग दिन भर का काम कर्मचारियों से लिया जाता है और बाकी समय दोपहर को उनको कौन काम पर बुलाएगा उनकी भविष्य उनके बाल बच्चों का भविष्य युवा वर्ग के भविष्य अंधकार में है इसकी चिंता सरकार को करनी चाहिए मीडिया के माध्यम से बताया गया था पिछली बार हाईकमान सोनिया गांधी कांग्रेस पार्टी कार्यालय दिल्ली जाकर धरना प्रदर्शन मुख्यालय के पास करेंगे। मानवाधिकार कार्यालय की शरण में जाएंगे उससे भी बात नहीं बनेगी तो सुप्रीम कोर्ट तक दरवाजा खटखटाने जाएंगे कह कर जानकारी बताया गया। 43301 स्कूल सफाई कर्मचारियों ने समस्त कर्मचारियों पदाधिकारियों के द्वारा निवेदन कर रहे हैं कि एक बार विचार विमर्श करने के लिए हमें बुलाए मुख्यमंत्री से इस पेपर मीडिया के माध्यम से गुहार कर रहे हैं।

# जोशीले और उत्साह भरे अंदाज में साहू समाज करेगा सारंगढ़ में सीएम भूपेश बघेल का भव्य स्वागत



* तेल से तौले जायेंगे भूपेश बघेल, नए जिले अंचल के विभिन्न साहू समाज के लोग रहेंगे मौजूद
* रानीसागर कर्मा भवन के पास ऐतिहासिक पल में सीएम को धन्यवाद करते हुए जताएंगे आभार

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

आगामी 3 सितंबर का दिन पान पानी पलागी की धरती सारंगढ़ एवम बिलाईगढ़ के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है। बिलाईगढ़ और सारंगढ़ को संयुक्त रुप से जिला निर्माण कर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आगामी 3 सितंबर को पूरे क्षेत्रवासियों को समर्पित करेंगे। 3 सितंबर से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अस्तित्व में आ जाएगा। जिसको लेकर पूरे क्षेत्र की एक एक जनता उत्साहित नजर आ रहें है।

### जोशीले और उत्साह भरे अंदाज में साहू समाज करेगा सारंगढ़ में सीएम भूपेश बघेल का भव्य स्वागत

आगामी 3 सितंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सुबह 11 बजे सारंगढ़ पहुंचेंगे जिसको लेकर क्षेत्र के साहू समाज भव्य स्वागत करने के लिए तैयारी में जुट चुके हैं। साहू समाज द्वारा बरमकेला सरिया सारंगढ़ बिलाईगढ़ से समाज के पदाधिकारी एवम सामाजिक बंधु उत्साह से जोशीले अंदाज में स्वागत करने को तैयार हैं।

### तेल से तौले जायेंगे भूपेश बघेल, नए जिले,अंचल के विभिन्न साहू समाज के लोग रहेंगे मौजूद

सीएम भूपेश बघेल का स्वागत बेहद खास होने वाला है क्षेत्र एवं अंचल के साहू समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक लोगों द्वारा बड़े जोर शोरों से स्वागत को लेकर तैयारी की जा रही है जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को तेल से तौल कर किया जाएगा। गौरतलब है कि साहू जाति को आंचलिक भाषा में तेली भी कहा जाता है और तेली जाति का मुख्य व्यवसाय पूर्व में तेल था इसीलिए यह बेहद खास अवसर एवं उत्साह कपल होने वाला है।

रानीसागर कर्मा भवन के पास ऐतिहासिक पल में सीएम को धन्यवाद करते हुए जताएंगे आभार

सारंगढ़ को जिला बना कर प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने पूरे क्षेत्रवासियों को तोहफा दिया है जिसमें साहू समाज द्वारा कर्मा भवन रानीसाग के पास पंडाल बना कर सीएम भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करेंगे उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों साहू समाज के समाजिक पदाधिकारी एवम अन्य लोग उपस्थिति रहेंगे सभी एक स्वर में मुख्यमंत्री को भेंट कर आभार जताएंगे। यह उत्सुकता भरा पल रहेगा।

# आज भेंट-मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचेंगे रायगढ़

## पुसौर के नावापारा-अ और रायगढ़ के लोईंग में होगा भेंट मुलाकात कार्यक्रम, रायगढ़ में होगा रोड शो





जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भेट-मुलाकात के द्वितीय चरण की शुरूआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट-मुलाकात कार्यक्रम 1 सितम्बर को रायगढ़ जिले में होगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात के लिए पुसौर विकासखण्ड के ग्राम नावापारा-अ तथा रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम लोईंग पहुंचेंगे। शाम को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ में हेमूकालानी चौक से चक्रधर चौक तक रोड शो करेंगे। जिसके पश्चात वे सर्किट हाऊस में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात करेंगे। वे रात्रि विश्राम रायगढ़ में करेंगे। अगले दिन 2 सितम्बर को सर्किट हाऊस में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक तथा पत्रकार वार्ता लेंगे। जिसके पश्चात वे अपने अगले कार्यक्रम के लिए रायगढ़ से रवाना होंगे। इस संबंध में जिला प्रशासन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर रानू साहू एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा प्रस्तावित स्थलों के निरीक्षण में लोईंग तथा नावापारा-अ पहुंचकर उन्होंने कार्यक्रम के लिए निर्धारित किए गए रूट चार्ट के अनुसार कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने भेंट-मुलाकात के लिए तैयार किए जा रहे सभा स्थल का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम स्थल में मंच में की गयी तैयारियों को देखा तथा इस संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने भेंट-मुलाकात स्थल पर लोगों की एन्ट्री के साथ ही उनकी बैठक व्यवस्था के बारे में भी अधिकारियों को निर्देशत किया। साथ ही कार्यक्रम से जुड़े अन्य बिन्दुओं के आधार पर तैयारियों की समीक्षा करते हुए शेष बचे कार्यो को जल्द पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रेफिक तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान डीएफओ स्टायलो मण्डावी, एडिशनल एसपी लखन पटले, एडिशनल एसपी महेश्वर नाग, ज्वाईंट कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, डीईओ आर.पी.आदित्य, ईई पीडब्लूडी खाम्बरा, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अविनाश श्रीवास सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत् 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत जशपुर विकासखंड के ग्राम पुरनानगर निवासी स्व. विजय मिंज की मृत्यु आकाशीय गाज मारने के कारण 29 जून 2022 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी सरोजनी मिंज हेतु 4 लाख एवं बगीचा विकासखंड के सन्ना तहसील के ग्राम कोपा बम्हनी निवासी स्व. भिखनाथ की मृत्यु आकाशीय गाज गिरने के कारण 29 जून 2022 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी मोना भगत हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में 1 जून से अब तक 738.1 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 738.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 31 अगस्त तक औसत वर्षा 819.6 मिमी हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक जशपुर तहसील में 866.6 मिमी, मनोरा में 697.9 मिमी, कुनकुरी में 801.0 मिमी, दुलदुला में 695.6 मिमी, फरसाबहार में 603.7 मिमी, बगीचा में 760.5 मिमी, कांसाबेल में 683ण्3 मिमी, पत्थलगांव में 721.8 मिमी एवं सन्ना में 812.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा जशपुर तहसील में दर्ज की गई है।

### आवारा पशुओं को कांजी हाऊस में रखने की जा रही कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में एक गोठान निर्माण हेतु शासन से 6 जून 2022 को 19.11 लाख की स्वीकृति प्राप्त कर निविदा कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नगर पालिका अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि प्राप्त निविदा दर स्वीकृति हेतु आगामी परिषद बैठक में प्रस्तावित है नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण कर शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, साथ ही निकाय के कर्मचारियों द्वारा निरंतर निकाय क्षेत्र के आवारा पशुओं को रोड से हटाकर कांजी हाऊस में रखे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

### भारतीय थल सेना भर्ती अग्निवीर रैली का आयोजन 13 से 22 नवम्बर तक रायपुर में

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय थल सेना भर्ती अग्निवीर रैली का आयोजन 13 नवम्बर से 22 नवम्बर 2022 तक रायपुर में किया जा रहा है। इस आयोजन में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों को संबंधित वेबसाईट में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 3 सितम्बर 2022 है। इस आयोजन में जनरल ड्यूटी अग्निवीर, टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। इस भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता पदवार 8वीं, 10वीं, 12वीं तथा जन्म तिथि 1 अक्टूबर 1999 से 1 अप्रैल 2005 के बीच होना चाहिए। विस्तृत जानकारी हेतु हेल्पलाइन नम्बर 0771-2965213, 0771-2965212 पर सम्पर्क कर सकते है।

### दुखों और समस्याओं को पहाड़ बनाती है निराशा - हर्षित मुनि

**राजनांदगांव** । जैन संत हर्षित मुनि ने कहा कि हम अपने आपको दुनिया का सबसे दुखी इंसान समझते हैं। हम यह सोचते हैं कि इतने दुख हमारे पास हैं, जितना किसी के पास नहीं है। आखिर हमें किस बात का दुख है। दरअसल हम अपने आप से ही दुखी हैं। हम सामने वाले व्यक्ति को सुखी सोचते हैं। उन्होंने कहा कि निराशा, दुखों और समस्याओं को पहाड़ बना देती है। आप लेट्स गो का सिद्धांत अपनाओ और आगे बढ़ जाओ तो सभी दुखों और समस्याओं का हल अपने आप निकल जाएगा। समता भवन में आज अपने नियमित प्रवचन में जैन संत हर्षित मुनि ने कहा कि हमारा व्यापार थोड़ा कम हो जाता है या परिणाम थोड़ा कम आ जाता है तो हम चिंता करने लगते हैं और दुखी हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि लेट्स गो का सिद्धांत अपनाने से हम निश्चिंत हो जाते हैं।

# ग्राम स्तर पर गहन रूप से करें मलेरिया, डेंगू, टीबी और कुष्ठ रोग की जांच

## लोक निर्माण विभाग के धीमी कार्य प्रगति पर कलेक्टर ने जताया असंतोष

**साप्ताहिक समय सीमा बैठक सम्पन्न**

**सुकमा** । आज बुधवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर हरिस एस. ने स्वास्थ्य संबंधी बिन्दुओं प्रमुखता से चर्चा करते हुए कहा कि जिले में मलेरिया, टीबी, कुष्ठ एवं डेंगू की रोकथाम के लिए जमीनी स्तर पर कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कोण्टा एवं दोरनापाल में डेंगू के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रतिदिन फॉगिंग करने, जलजमाव वाले क्षेत्रों को साफ करने और नगर वासियों को जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करने में जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने का निर्देश दिए। उन्होंने संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों के साथ ही लक्षण रहित व्यक्तियों का भी मलेरिया जांच करने को कहा। वहीं टीबी और कुष्ठ रोग के संबंध में सर्वे कर जिन ग्रामों में प्रकरण मिले वहां के निवासियों का गहन जांच करने हेतु निर्देशित किए। इसके साथ ही एनीमिया चिन्हांकित महिलाओं के साथ ही स्कूली छात्राओं को प्रदान की जा रही दवाइयों का संज्ञान लिया। उन्होंने डीएमएफमद से पैरामेडिकल स्टाफएवं अन्य भर्तियों के संबंध में जानकारी ली।

विभागीय समीक्षा के दौरान उन्होंने गोधन न्याय योजनान्तर्गत शासन द्वारा जारी किए गए लाभांश राशि, गोबर खरीदी, वर्मी खाद विक्रय की राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नरेगा अन्तर्गत देवगुड़ी जीर्णोद्धार कार्य में तार फेंसिंग हेतु शेष स्थानों पर शीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक समय पर एक गांव में लगभग 5 से 6 डबरी कार्य स्वीकृत करें। ताकि कार्य समय पर पूर्ण हों।

# पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने पत्रकारों से की वार्ता

## धार्मिक कथा आयोजन से बढ़ती है सामाजिक एकता



जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

श्रीमद् भागवत कथा वाचन के लिए श्रीधाम वृंदावन धाम से पधारे श्रीमद् भागवत कथा वाचक परम पूज्य आचार्य श्री अतुल कृष्ण जी भारद्वाज जो कि अपने शुरुआती जीवन में स्वयं भी देश के जाने-माने ख्याति प्राप्त पत्रकार रह चुके हैं उन्होंने कथा के आयोजक गर्ग परिवार नवापारा वाले द्वारा कन्या विवाह भवन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई प्रेस वार्ता में पत्रकार बंधुओं से धर्म-कर्म, सामाजिक समरसता, और भारत के सर्वधर्म समभाव एवं सत्य सनातन हिंदू धर्म, गौ माता, पितरों के तर्पण, पितरों के मोक्ष के लिए किए जाने वाले उपाय, प्रभु की भक्ति, घरगृहस्थी में रहते हुए प्रभु का स्मरण, बच्चों को दिए जाने वाले संस्कार, सहित हिंदू धर्म के विषय में विस्तृत चर्चा की पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज महाराज ने बताया कि जहां भागवत ज्ञान यज्ञ कथा होती है वह एक ऐसा स्थान है जहां हिंदू एकत्रित होकर सामाजिक एकजुटता का परिचय देते हुए लगातार 7 दिनों तक भागवत कथा का आनंद लेते हुए ज्ञान प्राप्त करते हैं। अन्य धर्मों में सप्ताह में एक या दो दिन सामूहिक प्रार्थना आयोजित की जाती है एवं उनके धर्मगुरुओं द्वारा प्रवचनए धर्म के विषय में ज्ञानए आदि दिया जाता है उस धर्म के बच्चे बूढ़े जवान और औरतें उसका पालन करते हैं अन्य धर्मों में सामाजिक एकता उनके धर्म स्थानों में ही दी जाती है जिससे उनकी सामाजिक एकता बनी रहती है। इसे देखते हुए इसी प्रकार की एकता हिंदुओं में भी होनी चाहिए आज हिंदू धर्म टुकड़ों में बटा हुआ है। जिसका लाभ दूसरों के द्वारा उठाया जाता है और हिंदू धर्म को तोड़ने की खत्म करने की साजिश की जाती है आज हिंदू धर्म में एकता नहीं है और आज के माहौल को देखते हुए हिंदुओं का भी अपने पृथ्वी के सबसे पुराने सत्य सनातन धर्म दुनिया के बड़े.बड़े वैज्ञानिक सनातन धर्म में लिखी बातों का अनुसरण करते हुए अपने वैज्ञानिक प्रयोग करते हैं उस सनातन हिंदू धर्म के प्रति आस्था रखते हुए हिंदुओं को सामाजिक एकता और सामाजिक अखंडता बनाए रखनी चाहिए जिसके लिए कथा आयोजन का एक महत्वपूर्ण स्थान है। अक्सर देखने में आता है कि हिंदू एक नहीं है मंदिरों में भी जाएंगे तो भगवान की पूजा करेंगे और वापस आ जाएंगे आसपास उस मंदिर में कौन है किस से मिलना है इस सब से वास्ता नहीं रखते इन्हें अपने से मतलब रहता है दूसरों से मतलब नहीं रहता है अत: हिंदुओं को भागवत ज्ञान कथा में आना चाहिए जिससे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति होने के साथ-साथ हिंदुओं की सामाजिक एकता का भी प्रचार-प्रसार होता रहे। आगे उन्होंने गौ सेवा पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रारंभ से ही छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा गौ धन रहा हैं और छत्तीसगढ़ वासी सीधे सरल और गौ सेवा में आगे रहते हैं संपूर्ण भारत की तरह छत्तीसगढ़ में भी गाय को गरुवा माता कहा जाता है । आज गौ माता को वही स्थान दिलाना बहुत आवश्यक है जो श्री कृष्ण के द्वापर युग में था। गौ माता के खाने की समुचित व्यवस्था करने के लिए अतुल कृष्ण जी ने सुझाव दिया कि घरों की पहली रोटी बच्चों को दी जाए जो स्कूलों में ले जाकर इकट्ठा करें तथा उन्हीं रोटियों को गौशाला मैं पहुंचाया जाए इन रोटियों को भूसी में मिला कर दिया जाएगा तब गाय को पर्याप्त उर्जा और शक्ति प्राप्त होगी उन्होंने सभी लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों के जन्मदिन अपने जन्मदिन या शादी की सालगिरह विवाह के उपलक्ष में गौशाला में सवामणी लगवाएं साथ ही होटलों में पार्टी न मनाकर गायों के साथ गौशाला में अपना समय व्यतीत करें आपको काफ ी शांति मिलेगी। गाय के गोबर का बना खाद से तैयार होने वाली उपज को अपने खाद्य पदार्थों में प्राथमिकता दें जिससे शरीर पुष्ट तो होगा ही तथा विचारों में कोमलता भी आएगी। आगे पितरों के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने पितृ मोक्ष के बारे में कहा कि श्राद्ध के समय जो जल तर्पण करके पितरों को समर्पित किया जाता है उससे उनकी आत्मा को तृप्ति मिलती है श्राद्ध 3 पीढ़ियों तक किया जाता है जो भी श्राद्ध किया जाता है उसमें सारे पितरों को आह्वान कर भक्ति भाव से तर्पण किया जाना चाहिए जिससे पितृ देव खुश होते हैं और उन्हें तृप्ति मिलती है जिससे प्रसन्न होकर वह संतान वृद्धि और धन वृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। प्रत्येक अमावस के दिन भी पितरों को याद करते हुए उनका तर्पण किया जाना चाहिए जिससे पितृ देव खुश होते हैं उन्हें तृप्ति प्राप्त होती है साथ ही उन्हें जल्द ही मोक्ष प्राप्त हो जाता है। कार्यक्रम के अंत में पूज्य महाराज द्वारा सभी पत्रकारों को आशीर्वाद देते हुए प्रसाद प्रदान किया गया। आज की पत्रकार वार्ता में खरसिया नगर के सभी पत्रकार साथियों सहित भागवत कथा के आयोजक गर्ग परिवार नवापारा वाले की गरिमामय उपस्थिति रही।

# बोजिया पंचायत के सरपंच-सचिव ने तोड़े भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड

## पंचायत अधिनियम की उड़ाई धज्जियां, उपसरपंच को कर दिये हजारों का भुगतान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

*जिस तरह देश में राज्य में बड़े-बड़े घोटाले उजागर होते हैं। उसी तर्ज पर पंचायत स्तर में भी घोटाले हो रहे हैं। विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत बोजिया में तो भ्रष्टाचार का सभी रिकॉर्ड टूट गया है।*





जहां विकास के लिए मिले पैसे का बंदरबांट कर दिया गया है। सरपंच-सचिव के इस भ्रष्टाचार में उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से भी इंकार नहीं किया जा सकता। बोजिया में शासकीय राशन दुकान का संचालन पंचायत द्वारा की जा रही है। लेकिन कमीशन किसी और को दिया जा रहा है। बता दें कि सरपंच-सचिव द्वारा श्याम दास महंत को उचित मूल्य दुकान कमीशन के नाम से 11 अक्टूबर 2021 को 55 हजार 6 सौ रुपये दिया गया है। वहीं 25 जून 2021 को 18 हजार रुपये दिया गया है। मजेदार बात यह कि रुपये लेने वाला श्याम दास महंत द्वारा अपने को उचित मूल्य दुकान संचालक बताकर पंचायत में बिल जमा किया गया। यहां यह भी बताना जरूरी है कि श्याम दास महंत बोजिया पंचायत में उप सरपंच हैं। जिससे साफ हो रहा है कि पंचायत के पैसे को किस तरह दुरुपयोग किया गया है। यदि पंचायत शासकीय राशन दुकान संचालित करती है तो फिर कमीशन श्याम दास को क्यों दिया जा रहा है। बता दें कि इस पंचायत में कई तरह के भ्रष्टाचार हुए। जो परत दर परत खुलते जा रही है। लेकिन उच्च अधिकारी सब जानते हुए भी चुप बैठे हैं।

# जमरगी डी गांव में घुसा अजगर रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ क्षेत्र के जमरगी डी गांव में बिती रात एक ग्रामीण भवानी पटेल के घर मे सांपों के राजा कहा जाने वाला एक विशाल अजगर को घर में घुसकर कुंडली जमाए बैठे देखा गया।



जैसे ही इस बात की जानकारी परिजन समेत मोहल्ले में हुई तो हड़कंप मच गया उसी बीच गांव के ग्रामीण द्वारा मौके पे पहुंचकर अजगर सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जंगल में ले जाकर छोड़ा गया। जब गांव के घर के अंदर अजगर को देखा गया तो एक पल के लिए पूरा मोहल्ला भयभीत हो गया। हालांकि गांव के एक नवयुवक ने हिम्म्मत दिखाई और अजगर को बोरी में भरकर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया, युवक की इस सराहनीय कार्य की प्रसंशा की जा रही है बहरहाल क्षेत्र में सांपों का निकलना लगातार जारी है ऐसे में संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी व रेस्क्यू टीम का हड़ताल पे जाना लोगों के लिए कहीं न कहीं भारी परेशानी की वजह बनी गई है।

# नव विवाहिता की फांसी पर लटकती मिली लाश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

फांसी लगाकर महिला ने आत्महत्या की है। फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चला है। घटना धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम नरकालो की है। जहां नव विवाहिता प्रभा राठिया पति लवकुश राठिया उम्र 20 वर्ष 30 अगस्त को शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर के म्यांर में रस्सी का फंदा में लटकती लाश मिली है। परिजनों ने घटना की जानकारी 31 अगस्त को सुबह धरमजयगढ़ थाने में दी। जहां पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया है। नव विवाहिता द्वारा फांसी लगाने की घटना की जानकारी एसडीएम धरमजयगढ़ को दी गई। जिसके बाद एसडीएम भी घटना स्थल पर गए। जहां आत्महत्या के अनेक पहलुओं पर जानकारी ली गई। वहीं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला द्वारा किन कारणों से फांसी लगाई गई उसकी खोज में पुलिस जुट गई है। बता दें कि लगभग आठ माह पहले ही महिला की शादी हुई थी। जिनके द्वारा दिन में घर के म्यांर में फांसी लगाने को संदिग्ध मौत के रूप देखा जा रहा है।




# बेलगहना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गॉंजा के साथ एक आरोपियों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बिलासपुर जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु नशीले पदार्थों के तस्करों पर कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारुल माथुर द्वारा निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित कुमार झा एवम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोटा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में बेलगाना चौकी क्षेत्र में हो रहे अवैध मादक पदार्थ गॉंजा के कारोबारियों की सूचना प्राप्त कर आरोपी-श्यामचरण गुप्ता पिता स्व.प्रेमलाल गुप्ता, उम्र-44 साल, निवासी-ग्राम भस्को, चौकी बेलगहना धारा-20(बी) एनडीपीएस एक्ट जप्ती-300ग्राम अवैध मादक पदार्थ गॉंजा तथा 300 रुपए नगद को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट का अपराध घटित करने पाये जाने से मौके पर से आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया कार्यवाही मे बेलगहना चौकी प्रभारी एएसआई ओमप्रकाश बंजारे, प्रधान आरक्षक राजेंद्र साय आरक्षक सत्येंद्र राजपूत, आरक्षक फिरोज खान, आरक्षक विजेंद्र कोल की अहम भूमिका रही।




# घरों में सजा बाप्पा का दरबार, जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

नगर में गणेशोत्सव की धूम रही और लोगों ने ढोल ताशे और बाजे गाजे के साथ गणपति की प्रतिमा को लेकर विधिविधान से पूजन क्र बाप्पा की स्थापना की। विदित हो की आज से गणेश उत्सव शुरू हो गया है। मान्यता है कि भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष की चतुर्थी तिथि पर विध्नहर्ता और मंगलमूर्ति भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसी कारण से सभी चतुर्थी में इसका विशेष स्थान है। आज से घर-घर और बड़े-बड़े पंडालों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित करके उनकी विधिवत पूजा.अर्चना शुरू हो गयी है। भगवान गणेश के भक्त अपने घरों और सार्वजनिक जगहों पर गणेशजी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित करके विधि.विधान से पूजा कर रहे हैं। गणेशोत्सव का पर्व 9 सितंबर तक चलेगा। आने वाले 10 दिनों में भगवान गणेश की पूजा अर्चना करते हुए भगवान गणपति से जीवन में सुख समृद्धि और संपन्नता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।



### इस साल गणेश चतुर्थी पर लंबोदर योग

पंचांग के अनुसार 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी है इस दिन गणपति जी की स्थापना की जाती है। गणेश महोत्सव का पर्व चतुर्थी तिथि से प्रारंभ होकर अगले 10 दिनों तक चलता है। विदित हो कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को प्रथम देव गणपति के जन्म उत्सव के रूप में मनाया जाता है गणेश चतुर्थी से अगले 10 दिनों तक भगवान गणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाती है। इसके साथ ही अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति भगवान की विधिवत पूजा अर्चना करके उनकी विदाई करके प्रतिमा का विसर्जन करते हैं और अगले साल आने के लिए आमंत्रित करते हैं।

### इस साल की गणेश चतुर्थी है काफी खास

31 अगस्त को पड़ने वाली इस बार की गणेश चतुर्थी काफी खास मानी जा रही है क्योंकि 10 दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव में काफी शुभ योग बन रहे हैं इन दिनों में गणेश जी की पूजा करने से कई गुना अधिक फल की प्राप्ति होगी।

### 31 अगस्त का दिन गणेश चतुर्थी के लिए इसलिए खास

*जानकारों का कहना है कि इस बार 31 अगस्त को वो सारे संयोग बन रहे हैं जो गणेश जी के जन्म के समय बने थे। पंचांग के अनुसार इस दिन बुधवार होने के साथ-साथ चतुर्थी नक्षत्र के साथ दोपहर का समय है जब माता पार्वती ने गणपति जी को बनाया था। गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्थी के बीच ऐसे 7 मुहूर्त बन रहे हैं तो काफी खास माने जाते हैं। माना जा रहा है कि ऐसा मुहूर्त करीब 300 सालों के बाद बन रहा है क्योंकि गणेश उत्सव के दौरान शनि बुध सूर्य और गुरु अपनी ही राशि में विराजमान रहेंगे।*

## एक नजर

# भूल से मुक्ति दिलाता है ऋषि पंचमी व्रत- अरविन्द तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।




सनातन धर्म में ऋषि पंचमी का विशेष महत्व है। ऋ षिपंचमी का त्यौहार हिन्दू पंचांग के भाद्रपद महीने में शुक्ल पक्ष पंचमी यानि आज के दिन मनाया जाता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि हिंदू धर्म में वेदों का काफी अधिक महत्व है। चारों वेदों में हजारों मंत्रों की रचना ऋषियों ने की है ए मंत्रों की रचना करने में सप्तर्षियों का सबसे ज्यादा योगदान माना गया है। इन शक्तियों को ही आज का ऋषि पंचमी व्रत समर्पित है। यह त्यौहार गणेश चतुर्थी के अगले दिन होता है। आज के दिन महिलायें सप्तऋषियों के सम्मान में ए उनका आशीर्वाद प्राप्त करने तथा रजस्वला दोष से शुद्धि एवं अन्य दोषों के निवारण के लिये श्रद्धा व भक्ति के साथ उपवास रखती हैं। इस दिन सप्त ऋषियों का पूर्ण विधि.विधान से पूजन कर कथा श्रवण करने का महत्व है। मान्यता के अनुसार ऋषि पंचमी पर अपने पितरों के नाम से दान करने से रुके हुये कामों में सफलता मिलती है। ब्रह्म पुराण के अनुसार इस दिन चारों वर्ण की स्त्रियों को यह व्रत करना चाहिये इसके व्रत रखने से व्यक्ति का भाग्य बदल जाता है और जीवन में हुये सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। यह व्रत ऋषियों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता, समर्पण और सम्मान की भावना को दर्शाता है। यह व्रत रखना बहुत ही फलदायी होता है। ऐसा माना जाता है कि ऋषि पंचमी का व्रत करने से अगर किसी महिला से रजस्वला महामारी के दौरान अगर कोई भूल हो जाती है, तो इस व्रत को करने उस भूल के दोष को समाप्त किया जा सकता है। हालांकि सप्त ऋषियों के संबंध में मतभेद हैं लेकिन कश्यपोत्रिर्भरद्वाजो विश्वामित्रोय गौतमरू। जमदग्निर्वसिष्ठश्च सप्तैते ऋषयरूस्मृतारू।। इस श्लोक के अनुसार यह व्रत समाज के उत्थान और कल्याण के लिये योगदान देने वाले कश्यप, अत्रि,भारद्वाज, विश्वामित्र,गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ इन सप्त ऋषियों को समर्पित है। आज के दिन महिलायें सरोवर या नदी में स्नान करने का विशेष महत्व है। ऋ षि पंचमी की पूजा में महिलायें सप्त ऋषियों की मूर्ति बनाती हैं और उसकी पूजा करती हैं ए इसमें प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की पूजा भी की जाती है। इस दिन जाने.अनजाने में हुई गलतियों के लिये क्षमा मांगकर सप्त ऋषियों के लिये व्रत करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। उसके बाद ऋषि पंचमी की कथा सुनती हैं। ऋषि पंचमी के व्रत में महिलायें फलाहार करती हैं और अन्य व्रत के नियमों का पालन करती हैं। इस व्रत में दिन में एक बार भोजन करने की परंपरा है। अन्य व्रत की तरह ही इस व्रत को महिलाओं के साथ-साथ कुंवारी कन्यायें भी रख सकती हैं। ज्योतिष के अनुसार ऋषि पंचमी का व्रत मुख्य रूप से जाने.अनजाने में किये गये पापों से मुक्ति दिलाता है। विधि विधान के अनुसार व्रत पूर्ण करने से तीर्थ भ्रमण का पुण्य, सुख, सौभाग्य, पुत्र पौत्र का सुख प्राप्त होता है साथ ही व्रती अंत काल में अक्षय गति का प्राप्त करता है। इस उपवास की एक रोचक बात यह है कि इस व्रत में किसी भी देवी.देवता का पूजन नहीं किया जाता है। बल्कि देवी देवताओं के स्थान पर इस दिन महिलायें सप्तऋषियों की पूजा करती हैं। इसी कारण से इस व्रत को ऋषि पंचमी के नाम से जाना जाता है तथा घर-घर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। यह व्रत महिलाओं के लिये अटल सौभाग्यवती व्रत माना जाता है। इस दिन अकृष्ट भूमि बिना जुताई वाली भूमिद्ध से उत्पन्न फल आदि का शाकाहारी भोजन करने की परंपरा है।

# हड़ताल में शामिल नहीं होने वाले शिक्षकों के वेतन भुगतान का आदेश जारी हुआ

**जगदलपुर** । छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा वेतन भुगतान के संबंध में जिले के पदाधिकारियों ने कलेक्टर बस्तर चंदन कुमार को माह अगस्त का वेतन भुगतान करने का ज्ञापन सौंपने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर ने जिले मे हड़ताल में शामिल नहीं होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने के संबंध में विभाग के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों, समस्त प्राचार्यो एवं आहरण संवितरण अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है। ज्ञापन में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल में टीचर्स एसोसिएशन के शामिल नहीं होने तथा जिले के समस्त 1500 से भी अधिक शिक्षकों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए स्कूलों का संचालन करने तथा अध्यापन कार्य करने की बात कही गई थी, और यह भी कहा गया था कि हड़ताल में ना होने के बावजूद भी शिक्षकों सहित अन्य कर्मचारियों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पाई। ऐसे में यह भी संभावना व्यक्त की गई थी, कि जिले के समस्त विकासखण्डों से वेतन बनाकर जिला कोषालय को आज दिनांक तक बिल भेजा नहीं गया है, कहीं ऐसा ना हो कि हमारा वेतन भी हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के वेतन साथ रोक दिया जाये। एसोसिएशन ने कलेक्टर से मांग थी कि ऐसे कर्मचारियों जो कि हड़ताल में शामिल नहीं और वे अपनी नियमित सेवाएं दे रहे है उन्हें माह अगस्त के वेतन के भुगतान का आदेश जल्द से जल्द जारी करने का अनुरोध किया गया था।

# सकरा पुल में अनियंत्रित होकर घुसा डंपर,मार्ग हुआ बाधित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ के छाल मुख्य मार्ग में कूड़ेकेला के समीप सकरा पुल में एक तेज रफ्तार खाली डंपर अनियंत्रित होकर पुल के बीचों बीच फस गया है जिससे मुख्य मार्ग में जाम लग गया है वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। इस संबंध मिली जानकारी के अनुसार तड़के सुबह कोरबा की ओर से एक खाली डंपर खरसियां की तरफ जा रहा था तभी बताया जा रहा है तेज रफ्तार की वजह से डंपर पुल के पास अनियंत्रित हो गया और पुल के नीचे गिरते गिरते रह गया जिससे एक बड़ा हादसा तो फिलहाल टल गया लेकिन वहीं डंपर के सड़क में फंस जाने सड़क के दोनों छोर में वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। फिलहाल वाहनों के पहिए थम गए हैं। वहीं जाम में राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां याद दिला दे पुल सकरा व सड़क खराब होने की वजह से लगातार वाहनों की दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरें आती रहती है। बहरहाल जानकारी लगने पर छाल पुलिस यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने में लग गई है।



# छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग की नई कार्यकारिणी घोषित

## पीयूष देवांगन को ओबीसी कांग्रेस का प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चौलेश्वर चंद्राकर ने अपनी नई कार्यकारिणी घोषित किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव के सहमति से 2 प्रदेश उपाध्यक्ष, 4 स्टेट कोर्डिनेटर, 14 स्टेट ज्वाईंट कोर्डिनेटर,7 नये जिला अध्यक्ष एवं 6 प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी बनाये गये है।





जिनमें रायगढ़ जिला से से पीयूष देवांगन को प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

### नई कार्यकारिणी इस प्रकार है

प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकुमार पटेल रायपुर, घनश्याम वर्मा मुंगेली बिलासपुर। स्टेट कोर्डिनेटर.आशीष जायसवाल बिलासपुर, तिरिथ मानिकपुरी सराईपाली, विष्णु ताम्रकार पाली कोरबा, प्रकाश साहू खल्लारी महासमुंद,स्टेट ज्वाइंट कोर्डिनेटर.रामायण पटेल पामगढ़, लक्ष्मी साहू धरसींवा,मुकेश जंघेल लोधीपारा स्टेशन रायपुर, बलिदास मानिकपुरी रायगढ़, बंधु नंदकुमार जंघेल पंडरी रायपुर, रमा साहू बेमेतरा, प्रदीप यादव रायपुर, राकेश साहू बेमेतरा, सुनील नामदेव बेमेतरा, पंकज नाग केशकाल बस्तर, गिरजा बंजारी धरसींवा, बबलू कसार राजनांदगांव, नंदू पटेल कोण्डागांव, सुरजीत साहू रायपुर,जिला अध्यक्ष अनिल कुशवाहा बलरामपुर, महेन्द्र साहू सूरजपुर, दीपक सिन्हा दुर्ग शहर, राधेश्याम वर्मा दुर्ग ग्रामीण, अभय कुमार सोनी भिलाई, राजेन्द्र कुमार यादव मुंगेली, अमित गुप्ता कोण्डगांव। मीडिया,प्रवक्ता सौरभ साहू रायपुर, उपेन्द्र गुप्ता अंबिकापुर, शिवम चौधरी राजनांदगांव, डॉ. शिल्पा देवांगन कोण्डागांव, पीयूष देवांगन पूंजीपथरा घरघोड़ा रायगढ़, पंकज सोनी बाल्को कोरबा। उक्त नई कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारियों को घरघोड़ा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व वार्ड नं 11 के पार्षद सुरेंद्र चौधरी सहित सभी स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में रायगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं जिला किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजा शर्मा विधायक प्रतिनिधि किरोड़ी तायल वरिष्ठ कांग्रेसी सॉन्ग देव मिश्रा एल्डरमैन नागेंद्र ठाकुर पार्षद शिवनाथ सिंह राठिया पार्षद नानी यादव एल्डरमैन दीक्षा दास महंत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घरघोड़ा के उपाध्यक्ष मुरली गुप्ता जिला किसान कांग्रेस के पूर्व महामंत्री प्रदीप चौहान बोध राम गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक गुप्ता विष्णु तायल विक्की मित्तल गोलू मित्तल चंद्रपाल राठिया कृपासिंधु पटेल सुनील मालाकार केतन पटेल सुनील बहरा जगदीश चौहान अशोक पंडा पंकज पंडा सुनील वैद्य मालाकार प्रमोद ठाकुर मोती साहू श्याम लाल राठिया प्रदीप राठिया मोहित पैकरा आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।